

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 336 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# किसानों का टला दिल्ली कूच

● सरकार को किसानों का अल्टीमेटम, कृषि मंत्री करें मीटिंग.... वरना रविवार को फिर दिल्ली कूच

**विरोध**

**किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। साथ ही मिर्च का स्प्रे भी डाला गया, हिंसक हुए प्रदर्शन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/चंडीगढ़:** किसानों का पहला जत्था दोपहर दिल्ली कूच के लिए रवाना हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में 101 किसान शुक्रवार दोपहर एक बजे पटियाला-अंबाला की सीमा पर स्थित शंभू बॉर्डर से पैदल दिल्ली कूच करने के लिए आगे बढ़े।



## प्लास्टिक की गोली लगने से किसान घायल

101 किसानों का एक ग्रुप, जिन्होंने अपने शंभू विरोध स्थल से दिल्ली की ओर पैदल मार्च शुरू किया था। उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर किया गया।



## क्या हैं किसानों की मुख्य मांगें

- सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बने।
- फसलों की डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से कीमत तय हो।
- किसान-खेत मजदूरों का कर्ज माफ हो, पेंशन दी जाए।
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 दोबारा लागू किया जाए।
- लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा दी जाए।
- भारत मुक्त व्यापार समझौते से बाहर आए।
- किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा, सरकारी नौकरी मिले।
- विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किया जाए।

# सीएम ने महिला गृह रक्षकों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने की घोषणा की

**सौगात**

**गृह रक्षकों के दैनिक भत्ते को बढकार 500 रुपये किया जिला मुख्यालयों में ड्रोन केंद्र किए जाएंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज रिज मैदान शिमला में हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 62वें राज्यस्तरीय राइजिंग डे कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस वर्ष पहली बार राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान कमाण्डर विनय कुमार के नेतृत्व में 17 टुकडि?ं परेड में शामिल हुई। प्लाटून कमांडर लता राही के नेतृत्व में महिला टुकड़ी दल, संबंधित कमांडर के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टुकडि?ं ने परेड का शानदार प्रदर्शन किया। गृह रक्षा जवानों द्वारा बैटल मार्चपास्ट और गृह रक्षा बैंड के द्वारा संगीत में प्रस्तुति भी दी गई। सुरक्षित हिमाचल थीम पर गृह रक्षा के जवानों ने आपदा प्रबंधन तकनीक को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री ने महिला गृह रक्षकों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने, प्रदेश के बाहर तैनाती के दौरान गृह रक्षकों के दैनिक भत्ते को 60 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये करने की घोषणा की जिसके लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गृह रक्षा बल को सुदृढ़ करने के लिए 700 रिक्त पदों को भरेंगी। इसके इकाई परिसर में एसडीआरएफ प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए धन आबंटित किया जाएगा।

# बीजेपी कटवा रही वोटर्स के नाम: अरविंद केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा गुपचुप तरीके से वोटर्स का नाम हटवाने का प्रयास कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि शाहदरा विधानसभा में पिछले एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं, और यह सिलसिला अभी भी जारी है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने लेटरहेड पर वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। पिछले 1.5 महीनों में उन्होंने 11,018 लोगों के वोट कटवाने का आवेदन दिया है। इन आवेदनों में कहा गया है कि ये लोग या तो कहीं और चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है। हमने 500 वोटर्स की रैंडम जांच की, जिनमें से 372 लोग अपने पते पर ही रह रहे थे।






# बीजेपी कटवा रही वोटर्स के नाम: अरविंद केजरीवाल


## शाहदरा विधानसभा में पिछले एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची कटवाने के लिए आवेदन दिए: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा गुपचुप तरीके से वोटर्स का नाम हटवाने का प्रयास कर रही है।
केजरीवाल ने दावा किया कि शाहदरा विधानसभा में पिछले एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं, और यह सिलसिला अभी भी जारी है।
केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने लेटरहेड पर वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। पिछले 1.5 महीनों में उन्होंने 11,018 लोगों के वोट कटवाने का आवेदन दिया है।
इन आवेदनों में कहा गया है कि ये लोग या तो कहीं और चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है। हमने 500 वोटर्स की रैंडम जांच की, जिनमें से 372 लोग अपने पते पर ही रह रहे थे। इसका मतलब है कि उनकी 75 प्रतिशत लिस्ट गड़बड़ है।
केजरीवाल ने यह भी कहा कि यदि एक विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रतिशत वोट कटते हैं, तो चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है।
में शाहदरा विधानसभा में कुल 186,000 वोटर्स हैं और भाजपा ने इनमें से लगभग 11,000 वोट कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं। केजरीवाल ने चिंता व्यक्त की कि अभी और कितने आवेदन आएंगे, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन लोगों के वोट कटवाने के आवेदन आए हैं, उनकी सूची आयोग की वेबसाइट पर नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां केवल 487 आवेदन दिख रहे हैं जबकि चुनाव आयोग ने इन पर कार्रवाई कर ली है। केजरीवाल ने कहा कि 14 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की ओर से जनकपुरी से लगभग 6,000, संगम विहार से 5,000 और आरके पुरम से 4,000 वोटर्स को हटाने के आवेदन मिले हैं। हालांकि, भाजपा की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है।



### आआपा फर्जी वोट की राजनीति कर रही है: वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। इसको लेकर सियासी पार्टियां एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली में जारी सियासत पर शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी (आआपा) की आलोचना की है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल डर गए हैं, फर्जी वोटों और अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट दिल्ली में पकड़े हैं। ये वो वोट हैं, जो आआपा को चंदा देने वाले फोर्ड फाउण्डेशन के पैसों से खरीदे जाते हैं। सचदेवा ने केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि देश में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है लेकिन केजरीवाल जैसे लोग जब पूरी संवैधानिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं तो लोकतंत्र की रक्षा के लिए संवैधानिक संस्थाओं को ऐसे मामलों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का दृढ़ संकल्प है कि इस चुनाव में एक भी फर्जी वोट नहीं डालने देंगे।
मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम कर रहे डीएम और एसडीएस पर अवैध वोट न काटने का दबाव बना रही हैं। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के बयान पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, "ऐसा प्रतीत होता है कि अरविंद केजरीवाल भयभीत हो गए हैं, क्योंकि उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी हार दिखाई दे रही है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि वे इस जन-जागृति पर प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं, जो चुनाव आयोग ने अक्टूबर से लेकर नवंबर के अंत तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक चलाई हुई है।




# मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी इलाके में मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर बीते महीने अमित लाकड़ा (26) की हत्या में शामिल होने का आरोप है। मुठभेड़ के दौरान पैरों में गोली लगने की वजह से दोनों आरोपितों को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान नरेन्द्र उर्फ खिल्ला और अभिषेक उर्फ अंकित के रूप में हुई है। दोनों ही शूटर हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक नरेंद्र और अभिषेक मुंडका थाना क्षेत्र में एक हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। 9 नवंबर को लूट के एक मामले में जमानत पर रिहा हुए अमित लाकड़ा (26) की मुंडका में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में टिल्लू ताजपुरिया-दविंदर बंबीहा गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस के अनुसार बाइक पर आए हमलावरों ने मौके से भागने से पहले लाकड़ा पर कई राउंड फायरिंग की थी। 14 नवंबर को स्पेशल सेल ने लाकड़ा के कथित हत्यारों में से एक यमुना नगर निवासी निहाल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की, हालांकि नरेंद्र समेत दो मुख्य शूटर फरार थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार गुरुवार देर रात रोहिणी इलाके में दो शूटरों के होने के बारे में सूचना मिली थी।





"2014 के बाद से भारत नई सोच और अप्रोच के साथ TB के खिलाफ संघर्ष में Trace, Test, Track, Treat और Technology की स्ट्रेटजी के साथ काम कर रहा है जिसमें जनभागीदारी की भी अहम भूमिका है। भारत के प्रयास TB के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का एक नया मॉडल है।"

-नरेन्द्र मोदी

## राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत

# TB मुक्त भारत अभियान

## 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

मुख्य अतिथि

## श्री जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

गरिमामयी उपस्थिति

## श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

एवं

## कुमारी आरती सिंह राव

स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा

7 दिसम्बर, 2024

इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, पंचकूला

दोपहर 12 बजे

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

# जन-जन का रखें ध्यान
# टीबी मुक्त भारत अभियान

# नगर निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान सोमवार से पकड़ेगा बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के मुख्य व्यय** व्यस्त बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने के मकसद से चलाया जा रहा नगर निगम का अभियान सोमवार से बल पकड़ेगा। इसके तहत नगर निगम की सेनीटेशन टीम, पुलिस की मदद से बाजारों से अतिक्रमण हटाएगी। यह अभियान नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निदेर्शों से गत एक सप्ताह से जारी है। वास्तव में नागरिकों व ग्राहकों की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों और सडक सुरक्षा समीति की मासिक बैठक में जोर-शोर से उठाए गए इस मुदद्दे को लेकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। निगमायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को निगम की टीम की ओर से सेक्टर-7 मार्किट क्षेत्र, सेक्टर 6-7 की मुख्य सडकें तथा मंगलपुर चौक को अतिक्रमण मुक्त किया गया। टीम ने रेहड़ी-फड़ी वालों को समझाया कि वह पीली पट्टद्दी को क्रॉस न करें। टीम की ओर से अतिक्रमणकारियों को यह भी बताया गया कि अभी केवल चेतावनी है, इसके बाद जो व्यक्ति बाजारों व सडकों पर अतिक्रमण करेगा, उनका सामान जब्त करने के साथ-साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा। टीम के आगामी कार्यक्रम में शहर के ओल्ड बस स्टैण्ड, कर्ण गेट, रेलवे रोड व नेहरू पैलस मार्किट को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।निगमायुक्त के अनुसार शहर के कर्ण गेट, कुंजपुरा रोड, कमेटी चौक, ओल्ड बस स्टैण्ड रोड व नेहरू पैलेस मार्किट अतिक्रमण के मुख्य स्थान हैं। इन स्थानों पर अतिक्रमण के साथ-साथ दुकानदारों की ओर से रेहड़ी-फड़ी वालों से मासिक किराया वसूल कर उनको जगह दी गई है, जो निर्धारित पीली पट्टद्दी को लांगकर अपने सामान का विक्रय करते हैं। इससे बाजारों से गुजरने वाले जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर बाजारों में ई-रिक्शा व चौपहिया वाहन भी ग्राहक और आने-जाने वालों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। इस पर कुछ हद तक अंकुश लगा है और इसका अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पूर्व में जरनैली कॉलोनी, ओल्ड एम.सी. बिल्डिंग तथा पुरानी सब्जी मण्डी में नागरिकों को वाहन पार्क करने की सुविधा प्रदान की गई थी। बहुत से वाहन चालक इनका प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन कुछ वाहन चालक सडक पर अपनी गाडियों को पार्क कर अवरोध पैदा करते हैं। इनसे निपटने के लिए नगर निगम की ओर से टो वैन भी लगाई गई हैं, जो नियम तोड? वालों से जुमार्ना वसूल करते हैं।

निगमायुक्त ने ऐसे सभी वाहन चालक जो अपनी गाडियों के साथ बाजारों में प्रवेश करते हैं, से अपील की है कि वे नगर निगम द्वारा निर्धारित की गई पार्किंग में ही अपने वाहन को पार्क करें।

## सदस्यता अभियान प्रदेश में बन चुका है जन अभियान : मोहन लाल बड़ौली

**सोनीपत। भारतीय जनता** पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान से पूरे प्रदेश में लाखों लोग प्रतिदिन जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर सांय पांच बजे तक 28 लाख 21 हजार 128 सदस्य भाजपा से जुड़ चुके हैं। वहीं 13 हजार सक्रिय सदस्य भाजपा से सदस्यता अभियान में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकताओं को आने वाले निकाय अथवा अन्य चुनाव, संगठन और सरकार में राजनैतिक पदों पर प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि गतदिनों हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को 55 लाख 54 हजार वोट मिले थे। भाजपा ने प्रदेश में इससे भी ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में कुल 20 हजार बूथ में तीन सक्रिय सदस्य और कम से कम 250 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

## समाधान शिविर की शिकायतों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश** पुत्र **श्री जुगेश्वर शर्मा निवासी सी-372, गली नं. 06, प्रताप नगर, हर्ष विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 536/2024, दिनाँक 28.09.2024 धारा 65( 1 )/75 बीएनएस एण्ड 4/8/12 पॉक्सो एक्ट, थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 536/2024, दिनाँक 28.09.2024 धारा 65( 1 )/75 बीएनएस एण्ड 4/8/12 पॉक्सो एक्ट, थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मुनिश मड़कन**
**अतिरिक्त जिला एण्ड सत्र न्यायाधीश-01**
**विशेष न्यायालय ( पॉक्सो ), शाहदरा जिला, कोर्ट नं. 79**
**दि.पु./15951/उत्तर पूर्व/2024 छठा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश** पुत्र **श्री जुगेश्वर शर्मा निवासी सी-372, गली नं. 06, प्रताप नगर, हर्ष विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 536/2024, दिनाँक 28.09.2024 धारा 65( 1 )/75 बीएनएस एण्ड 4/8/12 पॉक्सो एक्ट, थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 536/2024, दिनाँक 28.09.2024 धारा 65( 1 )/75 बीएनएस एण्ड 4/8/12 पॉक्सो एक्ट, थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मुनिश मड़कन**
**अतिरिक्त जिला एण्ड सत्र न्यायाधीश-01**
**विशेष न्यायालय ( पॉक्सो ), शाहदरा जिला, कोर्ट नं. 79**
**दि.पु./15951/उत्तर पूर्व/2024 छठा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलजीत सिंह**, पुत्र : श्री हरभजन सिंह, **पता :** डब्ल्यू जेड-97, द्वितीय तल, मुखराम पार्क एक्सटेंशन, तिलक नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 158/22, U/S 33/58 Delhi Ex. Act & 482 IPC, थाना: क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 158/22, U/S 33/58 Delhi Ex. Act & 482 IPC, थाना: क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
**DP/15570/SHD/2024**
**(Court Matter)**
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली



### उत्तर रेलवे

**TENDER NOTICE**
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 28, 30, 32, 33, 34 -2024-25-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **28)** एडीईएन/टीकेडी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी के खंड में ब्लॉक संख्या 101 से 105 के पास रेलवे कॉलोनी में बाहरी लोगों द्वारा अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए ओवर हेड टैंक संख्या 1 की सीढी की मरम्मत और आरसीसी सीमा दीवार का प्रावधान। **कार्य का समान प्रकृति** : प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत<br>**30)** एडीईएन/टीकेडी के अधीन टीकेडी रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 1 से 2, 71, 72, 73, 81 से 84 और विभिन्न अन्य ब्लॉकों में क्षतिग्रस्त/टूटे दरवाजों, खिड़कियों, ग्रिलों की मरम्मत और शौचालय, स्नानघर, रसोईघर की मरम्मत और क्वार्टरों की टपकती छत में सुधार। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।<br>**32)** 2024-2025 के लिए ADEN/TKD के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।<br>**33)** 2024-2025 के लिए ADEN/HNZM के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।<br>**34)** नई दिल्ली-पलवल - टीआरआर(पी)-17.482 टीकेएम और एनजेडएम-पीटीएनआर-टीआरआर(पी)-0.878 टीकेएम एसएसई/पी.वे./एफडीबी और एचएनजेडएम खंड में एडीईएन/टीकेडी और एचएनजेडएम के अधीन। **कार्य की समान प्रकृति**: सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी-स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग और टी-28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | **28)** रुपये 5500997.28 **30)** रुपये 5995465.84 **32)** रुपये 5499343.74 **33)** रुपये 5499869.20 **34)** रुपये 48753981.27 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट: रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **28)** रुपये 110000.00 **30)** रुपये 119900.00 **32)** रुपये 110000.00 **33)** रुपये 110000.00 **34)** रुपये 393800.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **28)** 06 महीने **30)** 06 महीने **32)** 09 महीने **33)** 09 महीने **34)** 10 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 31.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 31.12.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/28, 30, 32, 33, 34 Date 06.12.2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3758/24



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामबली उर्फ राम बाबू**, पुत्र : श्री पति राम, **पता :** आई ब्लॉक, प्रेम नगर-2, किराड़ी, दिल्ली और मकान नंबर 110 करण विहार भाग-I, दिल्ली और मकान नंबर आई-139, प्रेम नगर-2, किराड़ी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 1377/15, U/S 356/379/411 IPC, थाना: अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबली उर्फ राम बाबू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबली उर्फ राम बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 1377/15, U/S 356/379/411 IPC, थाना: अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रामबली उर्फ राम बाबू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता
जेएमएफसी
**DP/15884/RD/2024**
**(Court Matter)**
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली



### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e - निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रिज सं-31 पर सिंगल पीस स्प्रिंग इंसर्टेड पुनः प्रयोज्य सेल्फ लॉकिंग स्टील नट (एम-27) प्रदान करना और ठीक करना। दिल्ली मंडल का द्वितीय यमुना ब्रिज-साहिबाबाद (IInd YBr-SBB)। | रू. 14085544.88/- | रू. 220400.00/- | 06 माह | 27.12.2024 |

सूचना: निविदा रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 27.12.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। **पत्र सं-128-डब्ल्यू/सीनियर डीईएन-सी/एनआईटी-20-24-25-डब्ल्यूसी दिनांक-04.12.2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3746/2024



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**पत्र सं. 6-SEFile-233787Tender** **दिनांक : 06.12.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 6-SEFile-233787Tender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "कार्य के दायरे के अनुसार एमएलआर अनुसूची के दौरान 10 शताब्दी कोचों का नवीनीकरण" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 22849462.68/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 264300/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से छह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 27.12.2024 खुलने का समय 13:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3748/24



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हितेष कुमार उर्फ हितेष कुमार मिगलानी पुत्र देव प्रकाश मिगलानी निवासी म.नं. एफसी-38 प्रथम तल शिवाजी एनक्लेव, टेगोर गार्डन, दिल्ली और ए-64 ग्राउंड फ्लोर, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **528/2016 अन्तर्गत धारा 420/120-बी आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेष कुमार उर्फ हितेष कुमार मिगलानी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेष कुमार उर्फ हितेष कुमार मिगलानी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **528/2016 अन्तर्गत धारा 420/120-बी आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हितेष कुमार उर्फ हितेष कुमार मिगलानी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री करनबीर सिंह**
महानगर दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट-05)
**DP/15843/CD/2024**
**(Court Matter)**
कमरा नं. 04, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फरमान**, पुत्र : स्व. श्री असलम, **पता :** ई-16के, टी-हट्स, न्यू सीलमपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 472/19, U/S 380/511 IPC, थाना: भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरमान** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरमान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 472/19, U/S 380/511 IPC, थाना: भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फरमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-01
**DP/15900/NE/2024**
**(Court Matter)**
कमरा सं. 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली



### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सुचना संख्या-ETrU-T-02-2024-25-03**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-02-2024-25-03 | आनंदपुर साहिब, बुटारी, चिहेरू, दसूया, घग्गर, कुराली, मैसरखाना, आरसीएफ कपूरथला, राजपुरा, साहनेवाल, सुजानपुर, कूप, धबलन, हंडियाया टी एस एस में आई ई सी 61000-4-30 क्लास ए के अनुरूप विद्युत गुणवत्ता मीटर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, रीडिंग, विश्लेषण और 1 वर्ष का ओ एंड एम हेतु कार्य। | 26.12.2024 | ₹ 49,74,200/- | ₹ 99,500/- | 04 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 3,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

**1.** निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। **2.** निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। **3.** कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। **4.** टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **संख्या:. ETrU-T-02-2024-25-03 दिनांक: 05.12.2024** 3749/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एसपीजी के अधिकारियों ने किया दौरा।

पानीपत ,( कमाल हुसैन ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर एसपीजी के सुरक्षा अधिकारियों ने शुक्रवार को जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज लिया और सभी विभाग अध्यक्ष के साथ मंत्रणा की। इस मौके पर जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, आईजी करनाल रेंज कुलविंद्र सिंह,पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज यादव सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी एवं विभाग अध्यक्ष की उपस्थित रहे। एसपीजी के आईजी लव कुमार ने एआईजी केपी यादव व अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि प्रधानमंत्री दौरे को लेकर सभी एजेंसी मुस्तैद हैं और कार्यक्रम में किसी भी तरह का कोई भी सीटिंग प्लान या अन्य बदलाव करने से पहले एसपीजी से अनुमति जरूरी है। बिना अनुमति के कोई भी बदलाव न किया जाए। उपयुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने एसपीजी के आईजी लव कुमार को आश्वस्त किया कि एसपीजी नॉर्म्स के तहत ही सभी सुरक्षा मापदंड पूरे किए जाएंगे। इसको लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## नीलामी सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिमारपुर की मैन अड्डे पर स्थित 7 दुकानों की बोली दिनांक 12.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे ग्राम सचिवालय में की जाऐगी। बोली की सिक्योरिटी की राशि व सभी शर्ते व नियम मौके पर बता दिए जाऐगें।**

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि सविता पत्नी सोमबीर निवासी मकान नं 98, शांति कॉलोनी, वार्ड नं 14, उझा गेट,पानीपत, हाल पता साई कॉलोनी, उझा रोड, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र साहिल मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र साहिल को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद अगर कोई भी साहिल से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आंबेडकर स्मारक समिति ने बाबा साहेब को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। डॉ. भीमराव** आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन आंबेडकर भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति संयोजक पन्नीलाल माजरा खुर्द ने की। कार्यक्रम संचालन हजरस पूर्व प्रधान सुरेशचंद्र सरोहा ने बताया कि बाबा साहेब के महान कार्यों की वजह से ही छह दिसबर 1956 की पुण्य तिथि को महापरिनिर्वाण अथवा मोक्ष दिवस के रुप में पूरे विश्व में मनाया




जाता है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया और सभी सदस्यों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि वर्तमान विधायक कंवरसिंह यादव ने की। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस वंचित समाज के लिए प्रेरणादायक व गौरवशाली दिन है। बाबा साहेब ने दलित, शोषित व वंचित समाज के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान व समग्र विकास के एक बुलंद आवाज उठाई और छुआछूत जैसी कुप्रथा को खत्म करने में अग्रणी भूमिका निभाई। उनके द्वारा किए गए महान कार्यों की वजह से ही 6 दिसंबर 1956 की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण अथवा मोक्ष दिवस के रुप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में एडवोकेट रणजीत सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। इस मौके पर बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, रामनिवास पाटोदा प्रधान, बिजेंद्र प्रधान हजरस, भूपसिंह फोगाट, पन्नीलाल माजराखुर्द, रोशनलाल निंबल, ब्रह्मदत्त, संतलाल खिंची, पन्नीराम रेवाला, सतीश कुमार, बादाम सिंह, थानेदार महावीर सिंह, विकास प्रधान बचीनी, शेरसिंह नीची भांडोर, होशियार सिंह बागोतिया प्रधान, सत्यवीर सिंह झगडोली, रविप्रकाश प्रधान बचीनी, कैप्टन रामकुमार, एडवोकेट रणजीत सिंह, राकेश कुमार, सुभाषचंद्र जांगड़ा, जगदीश प्रसाद, जयसिंह रंगा, प्रधान हरिसिंह पायगा, पवन कुमार, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार प्रधान, अशोक जोनावास, करतार सिंह नंबरदार, चिरंजीलाल, कृष्ण कुमार, सहीराम कलोरिया चीफ मैनेजर, राजकुमार जीआई, जयभगवान, अमरसिंह, राजेश, उमेदसिंह, विजय सिंह, अनिल कुमार, ब्रह्मानन्द प्रधान वाल्मीकि उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता की गहराई को समझाया जा सकें

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) गीता के उपदेशों को आधुनिक** संदर्भ में प्रस्तुत करने से युवा पीढ़ी को जीवन के आदर्श मूल्यों और चुनौतियों से जुझने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल व कला एवं संस्कृति विभाग चंडीगढ़ के तत्वावधान में गीता जयंती महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिकता की गहराई को समझाया जा सकें। इसी कड़ी में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल व कला एवं संस्कृति विभाग चंडीगढ़ के तत्वावधान में गीता जयंती महोत्सव के तहत पांच दिसंबर को पानीपत के सिक पाथरी गांव स्थित



मच्कूक यश तीर्थ स्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने हरियाणवी वेशभूषा में समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी तथा हरियाणवी संस्कृति एवं उसकी महत्ता से लोगों को रूबरू करवाया। इस दौरान मोनू सांगी ने पुरानी-पुरानी रागनियों के किस्से सुनाए तथा खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम का आयोजन डांस कोरियोग्राफर नरेश कुमार कुंडू के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम आयोजक नरेश कुंडू ने कहा कि 15 दिसंबर तक मनाए जाने वाले गीता जयंती महोत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गीता के संदेश एवं उपदेशों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### गाड़ी से रुपये व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपतः कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से रुपये व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित विशाल निवासी मधु विहार, दिल्ली, कर्ण निवासी अंबेडगर, दिल्ली, चंदू निवासी दुर्गा कॉलोनी उत्तम नगर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। डैम्पियर नगर मथुरा निवासी गौरव ने गत 21 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत अगस्त माह में वह अपने भांजे अध्युदय निवासी मध्य प्रदेश को अपनी गाड़ी में राई विवि में छोड़ने के लिए आया था। नाथुपुर के पास आते ही एक बाइक पर सवार दो लड़कों ने गाड़ी को रोकने का ईशारा किया। गड़बड़ी का अंदेशा लगाकर उसने गाड़ी को रोक दिया। उसके बाद गाड़ी से नीचे उत्तर गए। उसका भांजा गाड़ी को बोनट उठाकर देखने लगा। उसी दौरान बाइक सवार ने कहा कि गाड़ी का तेल टपक रहा है। उसके बाद बाइक सवार एक लड़के ने पीछे वाली सीट पर रखे दो बैग, जिसमें लैपटॉप, कपड़े, पर्स, लाइसेंस, आधार कार्ड व 23 हजार रुपये की राशि थी। उसे चोरी करके फरार हो गए। मामले को लेकर कुंडली थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र की टीम ने एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस लाइन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**सोनीपतः पुलिस लाइन में सेवानिवृत** पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन के सहयोग से जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के मेमोरियल अस्पताल सोनीपत के चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मचारियों की तरफ से करीब 114 पुलिस कर्मचारी व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें बोन मिनरल डेंसिटी, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, शुगर, ब्लड प्रेशर व विभिन्न लैब टेस्ट आदि कि जांच आधुनिक मशीनों से की गई। वहीं निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस दौरान थाना शहर सोनीपत प्रभारी, निरीक्षक महेश व थाना सिविल लाइन प्रभारी, निरीक्षक सतबीर सिंह ने शिविर में उपस्थित चिकित्सकों व पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ रहना हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। इस दौरान डा. शबीर मेहता, डा. संदीप, डा. काजल, अनिल, प्रवीन, काजल, नवीन, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला का अपहरण करने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः सिविल लाइन थाना सोनीपत** पुलिस ने महिला का अपहरण करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित निवासी रूखी सोनीपत, सिकंदर निवासी भादड़ पानीपत, सचिन निवासी जसिया रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत 30 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि मोहित निवासी रुखी उसकी पत्नी को जबरदस्ती कार में अपने साथियों की मदद से अगवाह करके भगाकर ले जाने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में पुलिस ने उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक प्रवीन कुमार की टीम ने वारदात को अंजाम देने में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के प्रास से वारदात में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया। उसके बाद आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# 1 करोड़ रूपए की रंगदारी मांगने की वारदात का पर्दाफाश

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पानीपत पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर आसन कला निवासी रिफाइनरी के कांट्रेक्टर से 1 करोड़ रूपए रंगदारी मांगने की वारदात का पदार्फास कर तीन आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान संदीप निवासी आसन कला, कमल निवासी शेरा व सौरभ निवासी मतलौडा के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि थाना मतलौडा की थर्मल चौकी में 12 नवम्बर को आसन कला गांव



निवासी वीरेंद्र पुत्र रामकिशन ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह रिफाईनरी में ठेके लेकर काम करता है। 8 नवम्बर को बाद दोपहर उसके मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से वॉटसअप काल आई। उसने कॉल रिसीव की तो कॉलर ने उसका नाम लेकर बात करते हुए कहा की वह उसे व उसके पूरे परिवार को जानता है। कॉलर ने धमकी देते हुए कहा वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से बोल रहा है। कॉलर ने उससे 1करोड़ रूपय की फिरोती मांगी। रूपए न देने पर उसको व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने धमकी को हल्के में न आकने की धमकी दी। पहले उससे लगा कोई उसके साथ मजाक कर रहा है। अगले दिन कॉलर ने उसी नंबर से दोबारा वॉट्सअप कॉल कर धमकी दी। पुलिस ने रंगदारी मांगने की वारदात के संबंध में शिकायत मिलते ही थाना मलतौडा में मुकदमा दर्ज कर लिया था। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप व उनकी टीम को जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर गहनता से छानबीन करते हुए जिस नंबर से धमकी भरी कॉल आई थी उसकी डिटेल्स निकलवाई। काफी लोगों से पूछताछ की और साथ ही अपने सभी गुप्त सोर्स एक्टिव कर मिले।

# भीमराव आंबेडकर महान दार्शनिक, समाज सुधारक थेः जैन

**सोनीपतः। मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर महान दार्शनिक, समाज सुधारक थे, उनका जीवन समाज के कमजोर एवं शोषित वर्ग के अधिकारों के प्रति समर्पित रहा और देश के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान था। राजीव जैन शुक्रवार को स्थानीय अंबेडकर चौक पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव स्वागत समारोह समिति द्वारा बाबा साहेब के महा परि निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर दीप जलाकर पुष्प अर्पित करने के बाद नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा देकर दलित समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि संविधान के नाम पर राजनीति करने वालों ने कभी बाबा साहब का सम्मान नहीं किया! राजीव जैन ने कहा कि बाबा साहब ने एक प्रख्यात वकील के रूप में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत की उनके जीवन को अंतःकरण में धारण करके हमें समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान एवं उधार के प्रयास करने चाहिए।

## ब्लैकमेल कर 46 हजार रुपये हड़पने की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपतः शहर सोनीपत पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो** बनाकर ब्लैकमेल करके करीब 46 हजार रुपये की राशि हड़पने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित दीपक राज उर्फ दीपक निवासी चिटाना का है। अदालत ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। बागपत यूपी हाल में सेक्टर-10 निवासी कृष्णपाल ने शहर थाने में शिकायत देकर बताया कि वह अपनी गाड़ी में गत 17 मई को सोनीपत से मेरठ जा रहा था। उसी दौरान बहालगढ़ चौक पर दो महिलाओं ने उसे रूकने का ईशारा किया। एक महिला ने कहा कि उसे यूपी जाना है। उसने महिला को गाड़ी में बैठा लिया। महिला ने अपना नाम प्रीति निवासी सोनीपत बताया। फिर उसने मोबाइल नंबर ले लिया। उसे बातचीत के दौरान सस्ता प्लॉट दिखाने के बहाने दो जून को ककरोई रोड पर बुलाया। उसे उसे चाय पीने को दी। उसके बाद गेट का दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। उसने फोन कॉल करके दो लड़कों को बुलाया लिया। उसके बाद उससे दो लाख रुपये की डिमांड की। रुपये नहीं देने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।

## बैग से एटीएम निकालकर खाते से निकाली एक लाख चार हजार रुपये की राशि

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र में** एटीएम पर रुपये निकालने गए सिक्योरटी गार्ड के बैग से एटीएम निकालकर खाते से एक लाख चार हजार रुपये की राशि निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए एटीएम व क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि उनका कोई सुराग हाथ लग सके। गांव हिलवाड़ी बागपत यूपी निवासी ब्रजपाल ने बताया कि वह दावत राइस मिल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। वह गत चार दिसंबर को अपनी ड्यूटी करने के लिए बड़ौत से बस में बैठकर बहालगढ़ चौक पर पहुंचा। जहां स्टैंड पर खड़ा होकर ऑटो का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान दो लड़के उसके पास आए। उन्होंने कहा कि वह ऑनलाइन रुपये उनके खाते में डाल दे। वह उसे कैश रुपये दे देगें। उसने मना करने के बाद चले गए। वह चौक पर स्थित एटीएम में रुपये निकालने के लिए गया। उसके पीछे दोनों युवक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जल्दी रुपये निकाल लो उन्हें भी रुपये निकालने है। उसने मशीन से अपना एटीएम निकाल लिया। उसके बाद कैंसिल के बटन को दबा दिया। अपने एटीएम को पर्स में डालकर उसे बैग में डाल लिया। उसके बाद वह ड्यूटी पर पहुंचा। जहां उसने बैग को चेक किया तो बैग से फोन व पर्स नहीं मिला। उसके बाद वह बृहस्पतिवार को एटीएम बंद करवाने के लिए बैंक में गया तो उसे जानकारी मिली कि उसके खाते से 70 हजार रुपये राशि व बैंक खाते से 34 हजार रुपये की राशि निकाली हुई मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस शिकायत में दोनों युवकों पर फोन व पर्स चोरी करके खाते से नकदी निकालने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पीएनजी का कनेक्शन काटने का झांसा देकर युवती के खाते से 1.96 लाख रुपये उड़ाए

**सोनीपत :बहालगढ़ थाना क्षेत्र** में पीएनजी का कनेक्शन काटने का झांसा देकर युवती के खाते से दो लाख के करीब राशि खाते से निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि जल्द से जल्द ठग का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। शहर के एल्डिको काउंटी निवासी सुनीता अरोड़ा ने बताया कि उसके पास गत एक दिसंबर को मोबाइल पर कॉल आई।

# भट्ठा मालिक को अमेरिका से कॉल कर कुख्यात बदमाश रोहित गोदारा के नाम से एक करोड़ की रंगदारी मांगी

**सोनीपतः** मोहाना थाना के गांव के भट्ठा मालिक को अमेरिका से कॉल कर कुख्यात बदमाश रोहित गोदारा के नाम पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित को रंगदारी की किस्त के तीन लाख रुपये देने के लिए गुरुग्राम के फर्रुखनगर स्थित गांव खंडेवला में बुलाया तो पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित गांगुली उर्फ गौरव निवासी गुरुग्राम का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। आरोपित के चचेरे भाई ने अमेरिका से कॉल कर रंगदारी मांगी थी। जानकारी मिली है कि आरोपित से रोहित गोदारा से संबंध का पता नहीं लग सका है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसीपी (क्राइम) राजपाल सिंह ने वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 22 नवंबर को मोहाना थाना के गांव निवासी भट्ठा मालिक के पास अमेरिका से व्हाट्सएप कॉल आई थी। पीड़ित के गांव सेहरी खांडा के पास ईंट-भट्ठे है। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा बताया था। रोहित गोदारा कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। उसने भट्ठा मालिक से एक करोड़ रुपये की रंगदारी देने की मांग की थी। जिस पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया था। पुलिस ने मामले में तुरंत सीआईए की एक टीम पीड़ित के साथ लगा दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था रंगदारी मांगने के लिए कॉल अमेरिका से की गई थी। पीड़ित को कई बार कॉल कर डराया गया। 4 दिसंबर को फिर से कॉल की गई और पीड़ित को पहली किस्त के रूप में 3 लाख रुपये लेकर गुरुग्राम के फर्रुखनगर स्थित गांव खंडेवला में बुलाया गया। जिस पर पीड़ित राशि लेकर खंडेवला पहुंचा तो स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट की पुलिस टीम भी उसके साथ थी।

कॉल करने वाले ने रात को पीड़ित को राशि सड़क किनारे रखकर जाने को कहा। वह राशि रखकर वहां से चले गए। तभी एक युवक ने आकर राशि से भरा बैग उठाया तो वहां मुस्तैद स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी अजय धनखड़ व उनकी टीम में शामिल एसआई अमित, जितेंद्र व एचसी प्रदीप ने तुरंत आरोपित को काबू कर लिया।

## पुलिस नाके पर वाहनों की जांच कर रहे पुलिस कर्मचारियों पर जानलेवा हमला

**सोनीपतः** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 मोड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम पर कार सवार युवकों ने जानलेवा हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। कार सवार पुलिस की गाड़ी व बेरिकेड को टक्कर मारकर भाग गए। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपितों की कार आगे क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस टीमें मामले की जांच कर रही है। क्राइम यूनिट कुंडली में नियुक्त एएसआई प्रदीप ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। सूचना मिली कि इंडियन कॉलोनी निवासी साहिल उर्फ छंगा कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर व अवैध हथियार लेकर सेक्टर-7 मोड़ से दीवान फार्म की तरफ किसी वारदात को अंजाम देने जाएगा। सूचना के बाद पुलिस ने बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सेक्टर-7 मोड़ के पास नाका लगा दिया। इसी दौरान पुलिस को सेक्टर-7 मोड़ की तरफ से कार आती दिखाई दी। पुलिस ने बैरिकेड अड़ाकर कार को रोकने का प्रयास किया। इस पर कार सवारों ने बैरिकेड को टक्कर मार दी। साथ ही पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने के बाद भाग गए। वह अचानक गाड़ी को मोड़ने लगे तो पुलिस टीम मुश्किल से बची।

# 18 को निदेशालय शिक्षा सदन पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। निदेशक सेकेंडरी** शिक्षा की वायदा खिलाफी के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन 18 दिसंबर को शिक्षा सदन पंचकूला पर मास डेपुटेशन के अंतर्गत विरोध प्रदर्शन करेगा। जिसका नोटिस हेमसा खंड महेंद्रगढ़ के प्रधान हवासिंह यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने बीईओ अलका के माध्यम से एसीएस, डीएसई पंचकूला व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आपकी मांगों का ज्ञापन उच्च



अधिकारियों को सूचनार्थ भेज दिया जाएगा।

हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने कहा कि लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हेमसा प्रतिनिधि मंडल की निदेशक सेकेंडरी शिक्षा से अनेक बार बैठक हो चुकी है। परंतु मांगों का समाधान करने की बजाय टरकाऊ नीति अपनाए हुए है। जिस से कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति और एसीपी का लाभ नही मिल रहा। जबकि पदोन्नति के मामले और वेकेंसी का डाटा अधिकारियों के पास उपलब्ध है। अधिकारियों के इस रवैए से एक लिपिक 28-30 वर्षों के कार्यकाल के बाद बिना पदोन्नति के लिपिक पद से ही सेवानिवृत्त हो जाता है। जिससे कर्मचारियों में उच्च अधिकारियों के प्रति गहरा रोष है। प्रदेशभर के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 18 दिसंबर को शिक्षा सदन पंचकूला पर रोष प्रदर्शन करेंगे। पूर्व प्रधान सुनील पाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें कोई नई नही है। इन मांगों को लेकर अनेक बार धरना-प्रदर्शन किया जा चुका है। लेकिन मांगों का अभी तक समाधान नही हुआ।

ये है कर्मचारियों की मुख्य मांगें ऑनलाइन तबादला नीति की समीक्षा। दूर दराज क्षेत्रों में स्थानांतरित कर्मचारियों का स्थानांतरण। 2014 की नीति के अनुसार नियमित सेवा, सुरक्षा, पदोन्नति व अन्य लाभ। वरिष्ठता सूची अपडेट। योग्यता अनुसार उच्च पदों पर समायोजन। वर्क लोड अनुसार नए पद व सेवा नियम। खाली पदों पर स्थाई भर्तियां एवं पदोन्नतियां। एसईटीसी में छूट। एसीपी सहित अन्य लंबित मामलों का शीघ्र निपटान। कठिन क्षेत्र नूंह-मोरनी में दस हजार रुपये स्पेशल भत्ता व निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर खंड प्रधान हवासिंह यादव, पूर्व प्रधान सुनील पाल, शीला देवी, श्याम, मनोहर, पियूष गौतम व महेंद्र सैनी मौजूद थे।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**सोनीपतः शहर** थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को बीस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया है। हिसार निवासी एक व्यक्ति ने 1 जुलाई, 2023 को शहर थाना पुलिस को बताया था कि वह सोनीपत में रह रहे है। उनकी 16 वर्षीय बेटी 30 जून, 2023 की रात को घर में सो रही थी। देर रात करीब दो बजे वह लघुशंका को उठे तो उनकी बेटी घर पर नहीं थी। उन्होंने शक जताया था कि उनकी बेटी को गांव बड़वासनी व घटना के समय सोनीपत शहर में रह रहा रोहित बहका कर ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए 5 जुलाई, 2023 को किशोरी को बरामद कर लिया था। उसके बयान दर्ज कराए गए थे। लड़की से दुष्कर्म किए जाने का पता लगा था। जिस पर मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई थी। मामले में कार्रवाई करते तत्कालीन थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार की टीम ने आरोपित रोहित को 6 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सबूत जुटाने के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया था। जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद अब एएसजे नरेंद्र ने आरोपित रोहित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद व अलग-अलग धाराओं में 77 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए है।

## संपादकीय

# मानव जीवन में संगीत का महत्व

**संगीत** कला का एक रूप है. जब विभिन्न प्रकार की ध्वनियों को एक साथ रखकर या मिश्रित करके एक नई ध्वनि बनाई जाती है जो मनुष्य को अच्छी लगती है तो उसे संगीत कहा जाता है। संगीत ग्रीक शब्द मूसिके से लिया गया है, जिसका अर्थ है संगीत की कला। म्यूज में प्राचीन ग्रीस में संगीत, कविता, कला और नृत्य की देवी शामिल थीं। संगीत में दो चीजें शामिल हैं, एक तो लोग गाते हैं, और दूसरा संगीत वाद्ययंत्रों की ध्वनि। संगीत बनाने वाले व्यक्ति को संगीतकार कहा जाता है। प्रत्येक ध्वनि को संगीत की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। ध्वनि शोर या संगीत हो सकती है। संगीत वह ध्वनि है जो मनुष्य के कान को तो अच्छी लगती है परंतु शोर नहीं। यह भी संभव है कि जो ध्वनि एक व्यक्ति के लिए संगीत हो, वह किसी अन्य व्यक्ति के लिए शोर हो। उदाहरण के लिए, तेज रॉक संगीत या हिप-हॉप किशोरों या युवा पीढ़ी के लिए संगीत है लेकिन यह बुजुर्गों के लिए शोर है। संगीत की उत्पत्ति ऐसे कई सिद्धांत हैं जो बताते हैं कि संगीत की उत्पत्ति कब और कहाँ हुई। कुछ इतिहासकारों का मानना ??है कि संगीत उस समय से भी पहले अस्तित्व में था जब मनुष्य अस्तित्व में आया। उन्होंने संगीत को छह युगों में वगीर्कृत किया है। प्रत्येक युग को संगीत शैली में परिवर्तन के आधार पर वगीर्कृत किया जाता है। इन परिवर्तनों ने उस संगीत को आकार दिया है जिसे हम अब सुनते हैं। पहला युग मध्ययुगीन या मध्य युग था। यह युग पॉलीफोनी और संगीत संकेतन की शुरूआत का प्रतीक है। मोनोफोनिक संगीत और पॉलीफोनिक संगीत दो मुख्य प्रकार के संगीत थे जो उस युग में लोकप्रिय थे। इस युग में, नए उभरे ईसाई चर्चों ने विश्वविद्यालयों की स्थापना की, जिन्होंने संगीत की नियति तय की। यही वह समय था जब ग्रेगोरियन मंत्र नामक संगीत को एकत्रित और संहिताबद्ध किया गया था। उनके युग में ऑर्गेनम नामक एक नये प्रकार के संगीत का भी सृजन हुआ। संगीत का महान नाम गुइलाउम डी मचौत इसी युग में प्रकट हुआ। इस युग के बाद पुनर्जागरण आया। पुनर्जागरण शब्द का शाब्दिक अर्थ पुनर्जन्म है। यह युग सीए 1420 से 1600 तक था। इस समय पवित्र संगीत चर्च की दीवारें तोड़कर स्कूलों में फैलने लगा। स्कूलों में संगीत रचा जाने लगा। इस युग में नृत्य संगीत एवं वाद्य संगीत बहुतायत में किया जाने लगा। पुनर्जागरण काल ??के अंत में अंग्रेजी मेड्रिगल भी फलने-फूलने लगा। इस प्रकार का संगीत विलियम बर्ड, जॉन डाउलैंड, थॉमस मॉर्ले और कई अन्य लोगों द्वारा रचा गया था। इसके बाद, बारोक युग आया जो सीए 1600 में शुरू हुआ और 1750 में समाप्त हुआ। बारोक शब्द एक इतालवी शब्द बारोको से लिया गया है जिसका अर्थ विचित्र, अजीब या अजीब है। इस युग की विशेषता संगीत पर किये गये विभिन्न प्रयोग हैं। इस उम्र में वाद्य संगीत और ओपेरा का विकास शुरू हुआ। जोहान सेबेस्टियन बाख इस काल के महान संगीतकार थे। इसके बाद शास्त्रीय युग आया जो मोटे तौर पर 1750 में शुरू हुआ और 1820 में समाप्त हुआ। संगीत की शैली बारोक युग के भारी सजावटी संगीत से सरल धुनों में बदल गई। पियानो संगीतकारों द्वारा उपयोग किया जाने वाला प्राथमिक वाद्ययंत्र था।

# क्या घुड़की देना भी भूल गया भारत ?

राजेश माहेश्वरी

> "हैरानी की बात ये है कि भारत की जो सरकार रूस और यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए दखल कर सकती है वो सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही ज्यादतियों के मामले में दखल नहीं दे पा रही है। भारत के प्रधानमंत्री अफ्रीकी देशों की यात्रा कर चुके हैं लेकिन तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश जाने की जरूरत उन्होंने नहीं समझी। मुमकिन है कि उन्हें आशंका हो कि बांग्लादेश उनसे अपेक्षित सौजन्यता न दिखाए। बांग्लादेश में इस समय सत्ता की बागडोर जिन हाथों में है उन हाथों में शांति का नोबुल पुरस्कार भी आ चुका है ,फिर भी वे हाथ अपने यहां साम्प्रदायिक हिंसा को नहीं रोक पार रहे हैं। सम्प्रदायक हिंसा बांग्लादेश में हो या किसी और देश में आसानी से रोकी भी नहीं जा सकती । हमारे यहां मणिपुर में तो साम्प्रदायिक हिंसा को डेढ़ साल हो चुके हैं। जब हम मणिपुर को नहीं सम्हाल पा रहे तो कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि बांग्लादेश अपने यहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर होने वाली हिंसा को सम्हाल लेगा ?"

**बात हिन्दू** और मुसलमान की नहीं है ,मानवाधिकारों की है, जिनका खुल्ल्म-खुल्ला उललंघन पड़ौसी देश बांग्लादेश में हो रहा है। संयोग ये है कि जो लोग बांग्लादेश की सत्ता के निशाने पर हैं वे हिन्दू हैं। बांग्लादेश के हिन्दू बांग्लादेश के हिन्दू हैं ,भारत के नही। वे वहां अल्पसंख्यक हैं और लगातार बहुसंख्यक समाज की ज्यादती के शिकार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों से भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज विचलित है। बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है किन्तु हिंदूवादी भारत की सरकार मौन है। सरकार लगता है अब हिन्दू राष्ट्र होने के मुगालते के बाद पड़ौसियों को घुड़की देना भी भूल गयी है।

बांग्लादेश में आज हो रहे घटनाक्रम को देखकर मुझे 53 साल पहले की वे घटनाएं याद आ रहीं हैं जो बांग्लादेश बनने के पहले पाकिस्तान के बंगाल में हो रही थीं। उस दौर में भी तत्कालीन पाकिस्तानी सत्ता ने बंगालियों पर बर्बरता की तमाम हदें तोड़ दीं थीं। पीड़तों का आर्तनाद सुनकर भारत की तत्कालीन सरकार ने उस समय जो कदम उठाये थे ,उनके बारे में आज की सरकार सोच भी नहीं सकती,क्योंकि तब भारत के पास एक फील्ड मार्शल मानेक शा थे,एक प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी थीं। आज न हमारे पास कोई फील्ड मार्शल है और न कोई इंदिरा।

ये हकीकत है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर ज्यादती बांग्लादेश का आंतरिक मामला है लेकिन जब इस घटनाक्रम से भारत का जन मानस उद्वेलित है तो भारत की सरकार को कुछ तो सोचना चाहिए। मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत ने अघोषित रूप से बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण दी हुई है उसी तरह उसे बांग्लादेशी हिन्दुओं पर ज्यादतियों को लेकर बांग्लादेश की मौजूदा अस्थाई सरकार पर दबाब डालकर हिंसा को रोकने के प्रयास करना चाहिए। जरूरी नहीं है कि इसके लिए बांग्लादेश पर हमला किया जाये ,लेकिन बांग्लादेश को घुड़की तो दी ही जा सकती है।

भारत में चौतरफा धर्मध्वजाएं लेकर मार्च करने वाले मठाधीशों को भी इस मुद्दे पर सरकार पर दबाब डालना ही



चाहिए । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के ऊपर जिस तरह का अत्याचार हो रहा है ,वो साफ तौर पर सत्ता पोषित है। ये सब करने की हिम्मत बांग्लादेश की सत्ता में कहाँ से आयी होगी इसका अनुमान लगाया जाना चाहिए। असहिष्णुता और नफरत की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। हमारे यहां पिछले एक दशक से जिस तरह से सत्तापोषित नफरत फल-फूल रही है ठीक वैसे ही हालात बँगला देश में हैं ,और शायद इसी लिए भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करने का नैतिक बल खो चुकी है।

हैरानी की बात ये है कि भारत की जो सरकार रूस और यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए दखल कर सकती है वो सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही ज्यादतियों के मामले में दखल नहीं दे पा रही है। भारत के प्रधानमंत्री अफ्रीकी देशों की यात्रा कर चुके हैं लेकिन तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश जाने की जरूरत उन्होंने नहीं समझी। मुमकिन है कि उन्हें आशंका हो कि बांग्लादेश उनसे अपेक्षित सौजन्यता न दिखाए। बांग्लादेश में इस समय सत्ता की बागडोर जिन हाथों में है उन हाथों में शांति का नोबुल पुरस्कार भी आ चुका है ,फिर भी वे हाथ अपने यहां साम्प्रदायिक हिंसा को नहीं रोक पार रहे हैं।

सम्प्रदायक हिंसा बांग्लादेश में हो या किसी और देश में आसानी से रोकी भी नहीं जा सकती । हमारे यहां मणिपुर में तो साम्प्रदायिक हिंसा को डेढ़ साल हो चुके हैं। जब हम मणिपुर को नहीं सम्हाल पा रहे तो कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि बांग्लादेश अपने यहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर होने वाली हिंसा को सम्हाल लेगा ? साल भर पहले तक बांग्लादेश भारत का प्रिय मित्र था। बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के समय उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने दिल्ली भी आयीं थीं , उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को बांग्लादेश आने का निमंत्रण भी दिया था ,लेकिन वे शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहते बांग्लादेश जा नहीं पाये । अब तो बांग्लादेश जाने कि कोई सूरत भी नहीं है।

बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्ता पलट होने के बाद अंतरिम सरकार से भारत की बन नहीं पायी ,उलटे भारत-बांग्लादेश के संबंधों में कड़वाहट शुरू हुई और अब चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद दोनों देशों के बीच काफी तल्ख कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है.

बीते दिनों बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल तो कह चुके हैं की "भारत को ये समझना होगा कि ये शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है.'। अब पता नहीं की भारत आसिफ नजरुल की बात समझा है या नहीं ? बावजूद इसके भारत सरकार ने शेख हसीना को बांग्लादेश कि मौजूदा सरकार के सुपुर्द नहीं किया है। रार की असली वजह शायद यही है।

हमें याद रखना चाहिए कि भारत और बांग्लादेश चार हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करते हैं और दोनों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा भारत और म्यांमार से लगती है लेकिन उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगती है. इसलिए बांग्लादेश को 'इंडिया लॉक्ड' देश कहा जाता ह। इतना ही नहीं बीते कुछ सालों में बांग्लादेश, भारत के लिए एक बड़ा बाजार बनकर उभरा है. दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है.

वर्ष 2022-23 में बांग्लादेश भारत का पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार बन गया. वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 15.9 अरब डॉलर का था।

अब भारत के सामने एक ही विकल्प है कि भारत बांग्लादेश को अपना भूभराकर स्वरूप दिखा। हड़काये ,पाबंदियां लगाए। अंतर्राष्ट्रीय दबाब बनाये ,अन्यथा बांग्लादेश भी पाकिस्तान के बाद भारत का एक स्थाई दुश्मन बन जायेगा ।

बांग्लादेश की मौजूदा सत्ता का झुकाव इस समय भारत के बजाय चीन की और है ,तय है कि बांग्लादेश इसी लिए भारत के दबाब में आ नहीं रहा है।भारत को बांग्लादेश के मौजूदा शासकों को अतीत की याद दिलाना चाहिए। यदि भारत की मौजूदा सरकार बांग्लादेशी हिन्दुओं की हिमायत करने में नाकाम रही तो आप तय मान्य की वो भारत के हिन्दुओं के दिलो दिमाग से भी उतर जाएगी। पहले से विदेश नीति के मोर्चे पर हिचकोले खा रहे भारत के लिए ये एक मौका है जब वो अपना वजूद प्रमाणित कर सकता है। देखिये आने वाले दिनों में मोदी युग में बांग्लादेशी हिन्दू राहत की सांस ले पाते हैं या नहीं ?

## कविता

पराई दीवारो में झांकना आसां है
बहुत,

गुमान हो गर जमीर में झांक कर देख,
मजलूम की जिन्दगी में झांक कर देख।

पराई दीवारो में झांकना आसां है बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।

पराई चादरों में सुराख करना आसां बहुत,
कभी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

खुश है नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में अपनी छत ढांक कर देख।

भ्रम है तुझे जिंदगी रंगीन है बहुत,
मुफलिसी में जरा झांक कर देख,

पराई दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,

बेईमीनी चार दिन की चाँदनी यहां
जरा एक जोत पवित्र जला कर देख,

जलते घरो से हाथ सेंकना हैं आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख,

खुशी अभी रूठी नहीं है तुझसे संजीव,
मुस्कुराहट में मासूम की झांक कर देख

संजीव

## इंसान नहीं है एआई चैटबॉट

**विज्ञान** और तकनीक ने मानव को क्या नहीं दिया है ? मतलब यह है विज्ञान और तकनीक ने मानव को बहुत कुछ दिया है। आज एआई चैटबॉट का कंसेप्ट दुनिया में लगातार लोकप्रिय हो रहा है।एआई चैटबॉट्स की खास बातें यह हैं कि ये वास्तविक इंसान की तरह बातचीत कर सकते हैं। ये मानव भाषाओं का यथा उनकी शब्दावली, व्याकरण, कठबोली और संदर्भ में विश्लेषण करने के लिए एडवांस एन.एल.पी.(नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग) का उपयोग करते हैं। वास्तव में ये टेक्स्ट और कॉन्वर्सेशन की महीन से महीन स्टडी कर सकते हैं, क्यों कि ये डेटा से प्रशिक्षण लेकर मशीन लर्निंग पर काम करते हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ये तुरंत कोई भी रिएक्शन जनरेट कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट्स के पास तथ्यों और सूचनाओं का विशाल डेटाबेस उपलब्ध होते हैं, जिसका उपयोग वे लगभग किसी भी विषय पर ज्ञानपूर्वक चर्चा करने के लिए कर सकते हैं। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लगातार आगे बढ़ रही है और एआई चैटबॉट्स एक यूनिक पर्सनालिटी की भांति काम करने लगे हैं। एआई चैटबॉट मनुष्य को किसी रेसिपी में मदद कर सकते हैं, विभिन्न भाषाओं में बातचीत कर सकते हैं, विभिन्न विषयों पर बहस कर सकते हैं, विचारों को विकसित कर सकते हैं, जीवन के विभिन्न पहलुओं, चीजों पर हम एआई चैटबॉट्स की राय ले सकते हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि आज एआई के एडवांस होने के साथ ही साथ एआई चैटबॉट काफी अधिक स्मार्ट हो चुके हैं। संक्षेप में यह बात कही जा सकती है कि आज एआई चैटबॉट्स त्वरित और सटीक जानकारी देने, विभिन्न कार्यों में मनुष्य की सहायता करने, भाषा कौशल(लैंग्वेज स्किल्स) का अभ्यास करने, लेखन में सुधार करने, कोडिंग सिखाने और मनोरंजन करने की क्षमता के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं। सच तो यह है कि आज जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए चैटबॉट की ओर लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। यहां तक कि रिश्तों और भावनाओं को निभाने में भी एआई चैटबॉट आज आगे आया है। कहना गलत नहीं होगा कि आज मनुष्य रिश्तों और भावनाओं के लिए भी टेक्नोलॉजी पर निर्भर हो गया है। इससे मनुष्य के समक्ष अकेलेपन का खतरा बढ़ा है। लेकिन मनुष्य को आज यह समझने की जरूरत है कि मशीन आखिर मशीन होती है और मशीन में कभी मनुष्य की भांति भावनाएं नहीं हो सकतीं हैं। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज मनुष्य तकनीक और विज्ञान पर इतना अधिक आधारित हो चुका है कि वह चैटबॉट को अपना दोस्त, अपना परिवार, अपना सबकुछ मानने लगा है। वास्तव में यह दशार्ता है कि जनरेटिव एआई आज हमारे निजी व पेशेवर जीवन में लगातार अपनी पैठ बना रहा है। वास्तव में आज मनुष्य को यह समझने की जरूरत है कि एआई चैटबॉट इंसान नहीं है।

## विचार

# खतरनाक होता बायोमेडिकल वेस्ट

सौरभ

**स्वास्थ्य** सेवा गतिविधियाँ स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और उसे बहाल करती हैं तथा जीवन बचाती हैं। लेकिन उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट और उप-उत्पादों के बारे में क्या? स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85% सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है जो घरेलू अपशिष्ट के बराबर है। शेष 15% को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, रासायनिक या रेडियोधर्मी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय ऐसे अपशिष्टों से होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभावों को रोक सकते हैं, जिसमें रासायनिक या जैविक खतरों का अनपेक्षित उत्सर्जन शामिल है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों में संभावित रूप से हानिकारक सूक्ष्मजीव होते हैं जो अस्पताल के रोगियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता को संक्रमित कर सकते हैं। अन्य संभावित खतरों में दवा प्रतिरोधी सूक्ष्मजीव शामिल हो सकते हैं जो स्वास्थ्य सुविधाओं से पर्यावरण में फैलते हैं। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट और उप-उत्पादों से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों में तीक्ष्ण वस्तुओं से लगी चोटें भी शामिल हैं; स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के संचालन या भस्मीकरण के दौरान आस-पास के वातावरण में छोड़े जाने वाले दवा उत्पादों, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स और साइटोटॉक्सिक दवाओं और पारा या डाइऑक्सिन जैसे पदार्थों के संपर्क में आना; कीटाणुशोधन, बंध्यीकरण या अपशिष्ट उपचार गतिविधियों के संदर्भ में उत्पन्न होने वाली रासायनिक जलन; चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण के दौरान कण पदार्थ के निकलने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला वायु प्रदूषण; खुले में जलने और चिकित्सा अपशिष्ट भस्मक के संचालन के साथ होने वाली तापीय चोटें; विकिरण जलन; और दवा अपशिष्टों के असुरक्षित भंडारण, उपचार और निपटान के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रसार। अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट सेवाओं के लिए कई कारण मौजूद हैं। इनमें सीमित कानूनी ढाँचे (जैसे, नीतियाँ, विनियमन, दिशा-निर्देश) , स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट से सम्बंधित स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता की कमी, उचित अपशिष्ट प्रबंधन में अपर्याप्त प्रशिक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान प्रणालियों की अनुपस्थिति, अपर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन और कम प्राथमिकता शामिल हैं। कई देशों में या तो उचित नियम नहीं हैं या वे उनकी निगरानी और प्रवर्तन नहीं करते हैं। दुनिया भर में, हर साल अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं। सभी सुइयों और सिरिंजों का सुरक्षित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, जिससे चोट और संक्रमण का जोखिम और दोबारा इस्तेमाल के अवसर पैदा होते हैं। हाल के वर्षों में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दूषित सुइयों और सिरिंजों से इंजेक्शन लगाने में काफी कमी आई है, आंशिक रूप से इंजेक्शन उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल को कम करने के प्रयासों के कारण। इस प्रगति के बावजूद, असुरक्षित इंजेक्शन अभी भी 33, 800 नए एचआईवी संक्रमण, 1.7 मिलियन हेपेटाइटिस बी संक्रमण और 315, 000 हेपेटाइटिस-सी संक्रमण के लिए ज़िम्मेदार थे। संक्रमित स्रोत रोगी पर इस्तेमाल की गई सुई से एक व्यक्ति को सुई लगने से चोट लगने का अनुभव होने पर उसे एचबीवी, एचसीवी और एचआईवी से संक्रमित होने का क्रमशः 30%, 1.8% और 0.3% जोखिम होता है। अपशिष्ट निपटान स्थलों पर सफाई करने और स्वास्थ्य सुविधाओं से खतरनाक अपशिष्ट को संभालने और मैन्युअल रूप से छांटने के दौरान अतिरिक्त खतरे उत्पन्न होते हैं। ये प्रथाएँ दुनिया के कई क्षेत्रों में आम हैं, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में। अपशिष्ट संचालकों को सुई चुभने की चोट लगने और विषैले या संक्रामक पदार्थों के संपर्क में आने का तत्काल जोखिम होता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट का उपचार और निपटान पर्यावरण में रोगजनकों और विषैले प्रदूषकों के निकलने के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। लैंडफिल में अनुपचारित स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के निपटान से पीने, सतह और भूजल का संदूषण हो सकता है, अगर उन लैंडफिल का निर्माण ठीक से नहीं किया गया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सकारात्मक शिक्षण स्थानों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका

विजय गर्ग

**एक सफल** कक्षा केवल किताबों और संसाधनों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा वातावरण बनाने के बारे में है जहां छात्र सफल होने के लिए मूल्यवान, सुने जाने वाले और सशक्त महसूस करते हैं एक संपन्न शिक्षण कक्षा का आधार इस बात पर आधारित होता है कि छात्र अपनी कक्षा को किस तरह से समझते हैं। यह केवल उचित संसाधनों का उपयोग करने के बारे में नहीं है बल्कि एक ऐसी जगह स्थापित करने के बारे में है जहां छात्र मान्यता प्राप्त, सुने जाने वाले और मूल्यवान महसूस करें। शिक्षक एक संतुलित, सामंजस्यपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण का पोषण करके इसे संभव बनाने में प्रमुख उत्प्रेरक हैं जो छात्रों को उनकी क्षमता तक पहुंचने की अनुमति देता है। व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने, सोच-समझकर जुड़ने और मील के पत्थर को मनाने के लिए रणनीतियों को लागू करके, शिक्षक एक शैक्षिक माहौल स्थापित कर सकते हैं जो प्रगति, आत्म-सम्मान और टीम वर्क का समर्थन करता है। शिक्षक एक सकारात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण स्थान बना सकते हैं: प्रत्याशा की भावना विकसित करें: शिक्षकों को अपने छात्रों को स्पष्ट निर्देश और प्रक्रियाएँ देनी चाहिए ताकि वे सहज महसूस करें। जब छात्रों को पता चलता है कि आगे क्या होने वाला है, तो पाठ के साथ उनकी बातचीत बढ़ जाती है और उनकी सीखने की क्षमताओं में उनका विश्वास बढ़ जाता है, जिससे उनका मूड शांत और केंद्रित हो जाता है। विद्यार्थियों की जरूरतों को संबोधित करें। कक्षा में कोई भी छात्र पूरी तरह से दूसरे के समान नहीं होता है। प्रशिक्षकों को शैक्षणिक और भावनात्मक जरूरतों की सराहना करनी चाहिए और सामग्री, ध्यान और प्रेरणा के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कक्षा में शिक्षार्थियों का स्वागत करें पहली छाप बहुत मायने रखती है। एक सरल मुस्कुराती हुई सुबह की शुभकामनाएं छात्रों को प्राप्त होती हैं और दिन का इंतजार करती हैं।

## सपनों की दुकान

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक बार की बात है, गांव के चौराहे पर एक नई दुकान खुली, जिसका नाम था "सपनों की दुकान"। इस दुकान के मालिक थे झूठालाल, जो अपने नाम के अनुरूप हर बात में झूठ का तड़का लगाते थे। उनके ग्राहक सिर्फ वे लोग थे, जो अपने सपनों को सच करने के लिए तरस रहे थे, लेकिन सच के पास जाने का हिम्मत नहीं जुटा पाते थे। झूठालाल ने अपने दरवाजे पर एक बड़ा सा बोर्ड लटका रखा था, जिसमें लिखा था, "जो चाहोगे, वही मिलेगा!" ग्राहकों की संख्या बढ़ती जा रही थी, क्योंकि हर कोई चाहता था कि उनका सपना सच हो जाए। लेकिन सच्चाई यह थी कि दुकान में कोई भी वस्तु असलियत के करीब नहीं थी। पहला ग्राहक, चाचा गप्पू, दुकान में घुसते ही बोले, "भाई झूठालाल, मुझे ऐसा सपना चाहिए, जिसमें मैं चुनाव जीत जाऊं और सारे गांव को स्वर्ग बना दूं!" झूठालाल मुस्कराते हुए बोले, "चिंता मत करो, चाचा! मैं तुम्हारे लिए एक शानदार सपना तैयार कर दूंगा। बस, यह 100 रुपये का टिकट खरीद लो।

चाचा गप्पू ने टिकट खरीद लिया और अगले दिन जब उन्होंने चुनाव लड़ा, तो उनका सपना सच होता नजर आया। मगर चुनाव के दिन, वे खुद मतदान कराने के बजाय, कुर्सी पर सोते रहे। जब गप्पू जागे, तो पता चला कि उनके गांव में सभी ने उन्हें "गप्पू राजा" का नाम दे दिया है। लेकिन असल में, कोई भी उन्हें वोट नहीं दे पाया था। झूठालाल का सपना सच कर दिया गया था, लेकिन चाचा गप्पू को हकीकत का सामना करना पड़ा। दूसरा ग्राहक, भाभी जी, जो हमेशा अपने पति से परेशान रहती थीं, बोलीं, "भाई झूठालाल, मुझे ऐसा सपना चाहिए, जिसमें मेरा पति हर दिन घर पर रहता है और काम करता है!" झूठालाल ने फिर से मुस्कराते हुए कहा, "ये तो आसान है! बस, 200 रुपये का सपना खरीदो।" भाभी जी ने सपना खरीदा और रात को सोते समय उन्होंने अपने पति को सपने में कड़ी मेहनत करते देखा। लेकिन सुबह होते ही पति ने फिर से बिस्तर पकड़ लिया और कहा, "आज भी काम नहीं है, छुट्टी है!" भाभी जी का सपना भले ही झूठालाल ने दिखा दिया था, लेकिन हकीकत में वही पुराना नजारा था।

## न्यूज फ्लैश

### गाड़ी से रुपये और मोबाइल चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर। क्राइम यूनिट गन्नौर** की पुलिस टीम ने गाड़ी से रुपये और मोबाइल चोरी के मामले में आरोपित शंकर पुत्र राजिंदर, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। 29 सितंबर को हरबीर यादव ने गन्नौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह ट्रक चालक हैं और उनके साथ कंडक्टर सुधाकर भी था। हल्दाना मोड़ पर वह ट्रक को सड़क किनारे लगा सो रहे थे। जब उठे तो एक व्यक्ति उनके ट्रक से उतरते हुए पीली नंबर प्लेट वाली स्विफ्ट डिजायर कार में बैठा और भाग गया। जांच करने पर उनका सफेद रंग का मोबाइल और पर्स, जिसमें 10,000 रुपये थे, चोरी पाया गया। क्राइम यूनिट के सहायक उपनिरीक्षक संदीप ने अपनी टीम के साथ जांच करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेशकर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### भाजपा नेता माईराम कौशिक ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**राई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष** मोहनलाल बड़ौली के भाई एवं भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि मानवीय जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रभावित न हों। माईराम कौशिक ने शुक्रवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मूल मंत्र को अपनाकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंन कहा कि किसी भी शोषित पीड़ित की मदद करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ अंबेडकर ने हर गरीब, कमेरे वर्ग सहित सभी को उसका अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत के सामाजिक, आर्थिक नीतियों और कानूनी ढांचों में अगर आज कहीं भी प्रगतिशील बदलाव दिख रहे हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं डॉ अंबेडकर के वो विचार हैं, जो उन्होंने कई दशक पहले दिए थे।

### ओम शांति स्कूल के छात्रों ने अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता में जीता पदक




**राई। अवंतिका संस्था** नई दिल्ली द्वारा आयोजित मेला अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा पाँचवीं तक रंग भरो तथा कक्षा छठी से बारहवीं तक निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिनमें ओम शांति शिक्षा सदन वरिष्ठ माध्यमकि विद्यालय नाथुपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 180 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में कक्षा बारहवीं के यश, हर्षिता, कुमारी भव्यात एवं कार्तिक ने गोल्ड मेडल, कक्षा दसवीं के नमन, अभिनवा तथा युबराज ने सिल्वर मेडल तथा कक्षा ग्यारहवीं की अनुष्का, कुठ राधा, एंजल ने ब्रांज मेडल प्राप्त किए। प्राइमरी स्तर के रंगभरो प्रतियोगिता में हर्ष, तनिषा, अस्मीत,अविनाश व कुन्यासिता ने गोल्ड मेडल, कुमारी रिया, आर्या, चंदन एवं निखिल ने सिल्वर मेडल तथा रौनक, लव, रुद्र एवं उर्वशी ने बॉज मेडल प्राप्त किए। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक योगराज भारद्वाज ने पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है तथा इनके बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें स्वनात्मक गुणों का विकास होता है।

# खाप पंचायतों के प्रतिनिधि अब जन जन तक पहुंचाएंगे पवित्र ग्रंथ गीता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरूक्षेत्र : हरियाणा प्रदेश** की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि अब पवित्र ग्रंथ गीता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इन खाप पंचायतों के 100 प्रतिनिधियों ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर एक साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को देखा। इस महोत्सव के मंच पर प्रतिनिधियों ने बेटी का होगा सम्मान, विष मुक्त हो खेत खलियान, खेल का हो मैदान गांव में और गीता का ज्ञान पहुंचे हर गांव में, का संकल्प भी लिया। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर ही ओएसडी विरेन्द्र सिंह खाप प्रतिनिधियों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भ्रमण करने के लिए ब्रह्मसरोवर पर पहुंचे। अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में शुक्रवार को देर सांय प्रदेश की लगभग सभी खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने ओएसडी विरेन्द्र सिंह के साथ सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। यहां पर खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों को कुरूक्षेत्र 48 कोस के 182 तीर्थो के इतिहास, भारत के पौराणिक नक्शे के साथ-साथ विभिन्न विभागों की नवीनतम योजनाओं को जानने का अवसर मिला। इन प्रतिनिधियों उज्बेकिस्तान, तंजानिया के स्टॉल को भी देखने का अवसर मिला। इसके बाद उड़ीसा पवेलियन और हरियाणा पवेलियन को देखकर प्रतिनिधियों को पार्टनर राज्य उड़ीसा की सांस्कृतिक विरासत और हरियाणा प्रदेश की लुप्त हो रही लोक कलाओं को देखने और जानने का मौका प्रदेश सरकार के प्रयासों से मिला है। ओएसडी विरेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से वर्ष 2016 से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाया जा रहा हैं। इस महोत्सव का उद्देश्य है कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश हर घर और हर जन तक पहुंचे, क्योंकि इस पवित्र ग्रंथ गीता में जीवन को जीने की राह मिलती है तथा मानव की हर समस्या का समाधान भी इस पवित्र ग्रंथ में हैं। इसलिए पूरी दुनिया में पवित्र ग्रंथ गीता जैसा कोई भी ग्रंथ नहीं हैं। इस ग्रंथ के उपदेशों को आज आत्मसाद करके आगे बढ़ने की जरूरत हैं। इन्ही तमाम विषयों को जहन में रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष अनुरोध पर हरियाणा प्रदेश के प्रमुख खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों को महोत्सव का अवलोकन करने के लिए आए हैं।

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर संत गुरू रविदास सेवा समिति ने दी श्रद्धांजलि



**गन्नौर। संत गुरू रविदास** सेवा समिति द्वारा नगरपालिका रोड स्थित संत रविदास मंदिर में समिति अध्यक्ष दयान्नद अहलावत के नेतृत्व में डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। समिति के उपप्रधान मोहिन्द्र सिंहमार, श्याम प्रकाश किल्सन, रोहताश कटारिया, रामकुमार चौपड़ा आदि ने डा. अंबेडकर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष दयान्नद अहलावत ने कहा कि बाबा साहब अनुसूचित जाति, पिछ्ड़ों और वंचितों की आवाज थे। अंबेडकर जीवन दबे, कुचले, शोषित और पीड़ित लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ते रहे। श्रमिकों से लेकर किसान और महिलाओं के अधिकार के लिए भी वह लड़े।

अंबेडकर ने पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने, गरीबों, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के लिए अर्पित किया। बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही देश की उन्नति एवं विकास हो सकता है। श्याम प्रकाश किल्सन ने कहा कि शोषित पीड़ित की मदद करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### माल्यार्पण कर किया बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को याद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला भाजपा अनुसूचित मोर्चे ने गण मान्य लोगों के साथ भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवास पर श्रद्धा के साथ याद ।जिला भाजपा अनुसूचित मोर्चे के अध्यक्ष रवींद्र तुषामढ के नेतृत्व में लघु सचिवालय स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जय भीम, जय भारत तथा बाबा साहब अमर रहे के आकाश भेदी नारे लग रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष साहब ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम ।

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों में पहुँचे मदान



**सोनीपत : शुक्रवार को** विधायक निखिल मदान ने देश के संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को नमन किया। इस दौरान विधायक निखिल मदान ने बस स्टैंड पर अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे, एक विचार थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित और शोषित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबा साहेब सामाजिक समरसता के अग्रदूत के तौर पर सदैव याद रखे जाएंगे। बाबा साहब ने बेहद सीमित संसाधनों के साथ गरीब मजदूर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। अपनी विद्वता और योग्यता के चलते बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री और भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने और उन्होंने देशवासियों को एक बेहतरीन संविधान दिया। आज के दौर में हम सब को भारतीय संविधान के मूल्यों और उसमें वर्णित नीतियों पर चलना चाहिए यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं विधायक निखिल मदान ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर गुरु तेग बहादुर सिंह सेक्टर 15 गुरुद्वारा और राज मोहल्ला गुरुद्वारा में पहुंच कर गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म और मानवता की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। इस अवसर पर बलबीर सिंह अहलावत, बलराम अहलावत, कृष्ण भाटिया,सत्येंद्र अहलावत,डॉक्टर राजू ,दीपचंद नरवाल, जतिन डेंबला,कृष्ण लाल हरित, महेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, राकेश कुमार, वेद प्रकाश, रवि कुमार,रामकुमार ,परवीन हरित, रजत हरित आदि लोग मौजूद रहे।

### एड्स जागरुकता के लिए आईटीआई में चलाया अभियान



**गन्नौर। राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी में एचआईवी एड्स जागरुकता के लिए सिविल सर्जन और रेड रिबन क्लब की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इसी अवसर पर संस्थान में रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को रेड रिबन क्लब की ओर से प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अनुदेशकों की देखरेख में एचआईवी एड्स जागरूकता रैली निकाली। रैली में विभिन्न स्लोगनों के जरिए लोगों को एचआईवी एड्स से बचाव और इसके प्रति सतर्कता का संदेश दिया गया। रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने छात्रों को एचआईवी एड्स के खतरों के प्रति जागरूक किया।

## अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस व नगरपालिक का अभियान




प्रशासन द्वारा जब्त किया गया सामान नगरपालिका में ला कर सील करते कर्मचारी

**गन्नौर। शहर की सड़कों** को अतिक्रमण मुक्त और जाम से राहत दिलाने के लिए शुक्रवार को गन्नौर पुलिस ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ अभियान चलाया। अभियान के तहत दुकानों के बाहर सड़कों पर रखा सामान जब्त किया गया। जब्त किए गए सामान को नगर पालिका में ला कर सील कर दिया गया। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि शहर की सड़कों पर जाम लगने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कई बार दुकानदारों को चेतावनी देने और अपील करने के बावजूद, उन्होंने सड़क पर सामान रखना बंद नहीं किया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। अभियान के दौरान पुलिस ने दुकानों के बाहर रखे फ्लेक्स बोर्ड, केले, सेब, गन्ने के जूस की रेहड़ियां रजाई और जूतों सहित कई सामान जब्त किया। पुलिस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वे तुरंत अपना सामान समेटने में जुट गए। थाना प्रभारी ने कहा कि भविष्य में भी अगर कोई दुकानदार सड़क पर सामान रखेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार चलाया जाएगा।

**- प्रशासन का कदम सराहनीय**
गन्नौर व्यापार मंडल के उप प्रधान संदीप सिंघल ने कहा कि पुलिस व नगरपालिका द्वारा चलाया गया अभियान सराहनीय है। व्यापार मंडल भी दुकानदारों से बार-बार अपील कर रहा है, इसके बाद भी कई दुकानदार नहीं मान रहे। यह अभियान लगातार चलाया जाना चाहिए। जिससे बाजार में जाम की स्थिती न बने।

## हाई कोर्ट पहुंचा वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला

**गन्नौर। नगर पालिका के** वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। 20 नवंबर को नगर पालिका के 17 में से 13 पार्षदों ने उपायुक्त को वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बैठक के लिए अभी तक तारीख निर्धारित नहीं की गई है। इस देरी से नाराज पार्षदों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब इस मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि वाइस चेयरमैन का रवैया विकास कार्यों और पारदर्शिता के खिलाफ है, जिससे क्षेत्र की प्रगति बाधित हो रही है। उन्होंने पिछले माह उपायुक्त को अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में बैठक के लिए शपथ पत्र सौंपे थे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी तारीख निर्धारित नहीं की गई। जिससे उन्हें अब हाईकोर्ट का रुख करने को मजबूर होना पड़ा।

**20 नवंबर को पेश किया था अविश्वास प्रस्ताव**
नगर पालिका के वाइस चेयरमैन के खिलाफ 17 में से 13 पार्षदों ने उपायुक्त के समक्ष 20 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया किया। पिछले दो साल से चेयरमैन की कार्यप्रणाली से पार्षद नाराज चल रहे हैं। दिनेश अदलखा पर पार्षद अनदेखी करने, विकास कार्यों में भेदभाव करने, अपने वार्ड में सबसे ह्मयादा सफाई कर्मी रखवाने व शहर के विकास के लिए सही कार्ययोजना न बनवा पाने का आरोप लगा रहे हैं। 13 पार्षदों द्वारा उपायुक्त को वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने के साथ ही उन्होंने उपायुक्त से जल्द से जल्द बैठक करवाने का भी अनुरोध किया था।

### निर्माणाधीन मकान से इनवर्टर व तार चोरी

**सोनीपतः शहर थाना क्षेत्र के** सेक्टर-23 में निमार्णाधीन मकान से बैटरी व तार चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जैन बाग कॉलोनी निवासी शमशेर सिंह राणा ने बताया कि उसका सेक्टर-23 में मकान है। जहां निर्माण कार्य चल रहा है। किसी ने मकान से डबल बैटरी व तारों को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर उसने पड़ोसी मकान में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली।

## यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर विशेष सेमिनार आयोजित



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) राजकीय महिला** महाविद्यालय धनौरी में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थी हैं उनके लिए कम से कम प्रथम वर्ष में 60,% कालेज में 75,% की हाजिरी किसी भी पेपर में रि-अपीयर न हो ओर चरित्र प्रमाण-पत्र के साथ आप अपनी छात्रवृत्ति का आवेदन कर सकते हैं यही योग्यता द्वितीय वर्ष अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के लिए रहेगी। जिस तरह आप कॉलेज की छात्राएं हैं। उसी तरह आपका छोटा भाई या बहन 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करके आते हैं उसके लिए योग्यताएं थोड़ी सी अलग हैं वह इस प्रकार है 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**महिला महाविद्यालय का योगदान**
राजकीय महिला महाविद्यालय धनौरी के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भांभू ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का कार्यक्रम में कालेज के शिक्षक डॉ नेहा गर्ग,दीपा राणा समेत अच्छी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नजर आएगें नए अंदाज में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरूक्षेत्र : विश्व प्रसिद्ध** सूफी गायक हंस राज हंस अब दोबारा नए अंदाज में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर नजर आएगें। इन मंचों पर नए सूफी गायन की प्रस्तुति देकर सूफ ी गायन को चाहने वालो की मुराद को पूरी करेंगे। इन मंचों पर 11 साल के अतंराल के बाद नजर आएगें, इसके लिए सूफी गायन की तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। इस सूफी गायक ने अपने मन की इस बात को अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के मंच पर सांझा किया हैं। अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में एनजेडसीसी के तरफ से सूफी गायन की प्रस्तुति देने के लिए गत देर सांय पुरूषोत्मपुरा बाग में पहुचे थे। यहां पर पद्मश्री एवं पूर्व सांसद हंस राज हंस ने सूफी गायन के चहेतों के साथ अपने मन की बात को अनोखे अंदाज में सांझा करते हुए कहा कि ब्रहसरोवर की इस फीजा के कायल हो गए है इस पावनधरा पर चौथी बार आने का अवसर मिला हैं। इस प्रवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने हजारों वर्ष पूर्व अर्जुन का मोह भंग करने के उद्देश्य से पूरी मानवता को धर्म की राह पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे। इस पावन धरा पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के जहन में भगवान श्री कृष्ण के दिए उपदेशों की तरंगों को सहजता से महसूस किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही कुरूक्षेत्र की भूमि पर पहुंचे तो उन्होंने अलग तरंगों को महसूस किया। इससे स्पष्द्द होता है कि पवित्र ग्रंथ गीता एक ग्रंथ मात्र ही नहीं है अपितु पूरी मानवता के लिए एक ऐसा ग्रंथ है जिसको पढकर मानव का जीवन ही सफल हो जाता हैं। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को पूरी मानव जाति को ग्रहण करना चाहिए। जो व्यक्ति इन उपदेशों को अनुसरण करेगा उस व्यक्ति का जीवन ही सफल हो जाएगा। उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब के जिला जांलधर गांव शाफीपुर में पिता अर्जन दास , माता अजीत कौर के घर जन्म लिया और जैसे ही बचपन में बोलना शुरू किया तो उनके मुख से सूफी गायन की तर्ज को लोगों ने सुना, ऐसा उनके परिजनों ने होश सम्भालने के बाद बताया। यह सूफी गायन परमात्मा की ही देन है क्योंकि उनके घर और परिवार में कोई भी गायक नहीं हैं। सूफी गायक ने कहा कि गांव में एक बुजुर्ग को सूफी गीत गाते हुए सुना और उसी बुजुर्ग को अपना उस्ताद समझकर सूफी गायन का रियाज शुरू किया और उसके बाद जमला जट्टद्द से भी सूफी गायन के बारे में काफी कुछ ग्रहण करने का अवसर मिला। उसके बाद उस्ताद पूर्ण शाह कोटी से प्रशिक्षण ग्रहण किया। उन्होंने तीन पंजाबी फि ल्म, पंजाबी पॉप ऐलबम, कच्चे धागे फिल्म में काम किया। उनके जीवन में राजनीति में आने का एक नया

## दिव्यांशी सरोहा को राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में स्वर्ण पदक प्राप्त जीता




**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल गन्नौर में आयोजित समारोह में सातवीं कक्षा की छात्रा दिव्यांशी सरोहा को राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता बिहार के नालंदा में 26 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित की हुई थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दिव्यांशी को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं कीं। उन्होंने कहा कि दिव्यांशी की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। दिव्यांशी ने अपनी इस उपलब्ध्वि के लिए अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्ध्वि के पीछे उनके परिवार और विद्यालय का सहयोग और समर्थन था। विद्यालय ने दिव्यांशी को एक प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किया। विद्यालय के छात्रों ने भी दिव्यांशी को उनकी इस उपलब्ध्वि के लिए बधाई दी।

# शूलिनी यूनिवर्सिटी जॉब केंद्रित पाठ्यक्रमों के साथ एकीकृत नए युग के डिग्री प्रोग्राम शुरू करेगी

**पहल**

**इस पहल का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में सफलता के लिए कौशल प्रदान करना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन:** अनुसंधान और नवाचार पर आधारित अग्रणी संस्थान शूलिनी यूनिवर्सिटी बीबीए,एमबीए और बीसीए जैसे जॉब.केंद्रित पाठ्यक्रमों से एकीकृत नए युग के डिग्री प्रोग्राम शुरू करने जा रही है।इस पहल का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है।शैक्षणिक शिक्षा को व्यावसायिक जरूरतों से जोड़ते हुए शूलिनी यूनिवर्सिटी का लक्ष्य सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में करियर के इच्छुक लोगों को तैयार करना है।अड्डा247 के स्किलिंग और उच्च शिक्षा व्यवसाय के सीईओ बिमलजीत सिंह भसीन ने कहा शूलिनी यूनिवर्सिटी के साथ हमारी साझेदारी उच्च शिक्षा प्रदाताओं के साथ एड्डा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसमें भारत में विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और रोजगार अवसर उपलब्ध कराना शामिल है।यह सहयोग हमारे शिक्षार्थियों के लिए करियर के अवसरों को बढ़ाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपनी अकादमिक और करियर आकांक्षाओं में सफल हों।इस पहल के तहत शूलिनी यूनिवर्सिटी अड्डा247 के टेस्ट प्रिपरेशन और कौशल विकास पाठ्यक्रमों के साथ एकीकृत प्रोग्राम शुरू करेगी जो सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों के लिए उम्मीदवारों को तैयार करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शूलिनी यूनिवर्सिटी अड्डा247 के व्यापक डिजिटल नेटवर्क और संसाधनों का उपयोग करके इन एकीकृत प्रोग्रामों को व्यापक रूप से प्रचारित करने की योजना बना रहा है।यह पहल शूलिनी यूनिवर्सिटी के मिशन से मेल खाती है जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योगों की मांगों के अनुसार तैयार करना और उन्हें नवीन करियर केंद्रित शिक्षा प्रदान करना है। शैक्षणिक शिक्षा और वास्तविक जीवन अनुप्रयोगों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हुए शूलिनी यूनिवर्सिटी छात्रों की सफलता की दिशा में मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।अड्डा247 के लिए यह पहल उनके मिशन को और आगे बढ़ाएगी जिसमें सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए टेस्ट प्रिप कोर्स और निजी क्षेत्र के लिए कौशल विकास प्रोग्राम शामिल हैं। अड्डा247 ने पिछले कुछ वर्षों में 90 से ज्यादा यूट्यूब चैनल और 20 से ज्यादा वेबसाइट्स के माध्यम से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को जानकारी और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए एक बड़ा डिजिटल नेटवर्क तैयार किया है।इस पहल पर टिप्पणी करते हुए शूलिनी यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट अशिष खोसला ने कहा हमें जॉब केंद्रित और करियर उन्मुख शिक्षा प्रोग्राम शुरू करते हुए खुशी हो रही है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे छात्र विभिन्न उद्योगों की मांगों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हों।

# बिलासपुर में 350 करोड़ रुपये से अधिक लागत के सडक निर्माण कार्य प्रगति पर: राजेश धमाणीं

**ऐतिहासिक कार्य**

**सरकार सडक अवसंरचना के माध्यम से विकास को तेजी से बढ़ावा दे रही है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश सरकार ने जिला बिलासपुर में सडक निर्माण और सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैंए जिनकी कुल लागत 350 करोड़ रुपये से अधिक है। इन कार्यों ने क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई दिशा दी है और सरकार सडक अवसंरचना के माध्यम से विकास को तेजी से बढ़ावा दे रही है। इस दौरानए न केवल सडक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा रहा हैए बल्कि क्षेत्र की ग्रामीण बस्तियों को भी बेहतर परिवहन सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धमाणीं ने बताया कि पिछले दो वर्षों मेंए प्रदेश सरकार ने जिला बिलासपुर में 60 किलोमीटर से अधिक नई सडकों का निर्माण और 100 किलोमीटर से अधिक सडकों का सुधारीकरण किया है। इसके अलावाए 10 नई बस्तियों को मोटर योग्य सड़क सुविधा से जोड़ा गया है। इन कार्यों ने न केवल ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोड़ाए बल्कि लोगों की जीवनशैली में भी सुधार किया है। यह विकास लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मंत्री राजेश धमाणीं ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत जिले में 19 परियोजनाएँ स्वीकृत की गईं, जिनके लिए 186 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन परियोजनाओं में से 4 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 18 किलोमीटर नई सडकें बनाई गई हैं।

इसके अलावा नाबार्ड योजना के तहत 14 सडकों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनकी कुल लंबाई 52 किलोमीटर है। इन सडकों के निर्माण में 11 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके साथ ही 2 नई परियोजनाओं के लिए 7.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन सडकों के निर्माण से स्थानीय लोगों को न केवल बेहतर कनेक्टिविटी मिली है, बल्कि इसके द्वारा आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आई है।

## न्यूज फ्लैश

## सुरेश कश्यप ने लोक सभा में उठाया डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज निर्माण में देरी का मामला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप के बताया कि मैं धन्यवाद करता हूँ कि लोक सभा अध्यक्ष ने नियम 377 के अंतर्गत मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया। महोदय आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरी लोकसभा क्षेत्र शिमला के सिरमौर जिले के नाहन में स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज निर्माण में देरी और बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। पहले भी मेरी तरफ से सदन के माध्यम से इस विषय को रखा गया था। महोदय, वर्ष 2016 में केंद्र सरकार द्वारा नाहन जिला अस्पताल को वाई.एस. परमार मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड करने की स्वीकृति दी गयी थी तथा केंद्र और राज्य सरकार के बीच निधि संझाकरण प्रणाली 90: 10 तय किया गया था। योजना के प्रथम चरण के तहत 189 करोड़ रू स्वीकृत किये गए थे। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार को 170 करोड़ रू का सम्पूर्ण हिस्सा जारी कर दिया है, परन्तु वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा योजना का क्रियान्वन और कमीशनिंग का कार्य करने में असमर्थ साबित हो रही है। प्रदेश सरकार इस योजना को गंभीरता पूर्वक नहीं ले रही है। आज सुविधाओं के विस्तार में प्रगति की कमी के कारण क्षेत्र की स्वास्थ्य समबन्धित माँगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में असमर्थता पैदा हो गई है। 8 वर्ष बीतने के बाद भी आज पूर्णत: कार्यात्मक संस्थान नहीं हो पाया है। लगभग 1000 रोगियों की औसत दैनिक उपस्थिति वाले बाह्य रोगी विभाग में अत्यधिक भीड़ होने के कारण चार डॉक्टरों को एक ही छोटा कमरा साझा करना पड़ता है। निर्माण में देरी दो साल से अधिक समय से ठप्प रहने से राज्य में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा प्रभावित हो रही है। जगह की कमी, अत्यधिक भीड़, सीमित सुविधाएं और अपर्याप्त पार्किंग आवश्यक बुनियादी ढांचे की कमी, कोई एमआरआई मशीन नहीं होने के कारण मरीज को निजी सेवाएं लेने के लिए राज्य से बाहर जाने पर मजबूर किया जा रहा है। विशेष रूप से रेडियोग्राफरों और नर्सों की गंभीर, सीमित कक्षाएँ और प्रशिक्षण सुविधाएँ और संसाधनों तक छात्रों की पहुँच कम होना सुविधाओं के विस्तार में प्रगति की कमी के परिणामस्वरूप संस्थान क्षेत्र की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा नहीं हो पा रहा है। अत: मेरा आपसे निवेदन है कि केंद्र सरकार इस योजना की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कदम उठायें ताकि यह योजना जल्द से जल्द कर आम जन को समर्पित की जा सके।

## डिकैथलॉन ने सोलन में नया स्टोर खोलकर अपने रिटेल कारोबार का विस्तार किया

**सोलन:** प्रमुख खेल उत्पाद ब्रांड डिकैथलॉन ने आज हिमाचल प्रदेश के सोलन में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया।यह स्टोर जी स्क्वायर मॉल में स्थित है और 800 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें हाइकिंग, ट्रेकिंग,स्केटिंग, रनिंग, साइक्लिंग और अन्य आउटडोर फिटनेस उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जो शहर के खेल प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। यह लॉन्च डिकैथलॉन के भारत में खेलों के माध्यम से लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य को रेखांकित करता है,चाहे वह बड़े महानगर हों या उभरते छोटे शहर।यह नया आयाम डिकैथलॉन की हाल की घोषणा का एक हिस्सा है, जिसमें कंपनी ने अगले पांच वर्षों में भारत में 190 नए स्टोर खोलने की योजना बनाई है। इसके लिए ब्रांड द्वारा लगभग 933 करोड़ के निवेश की घोषणा की गई है, जिससे भारत को डिकैथलॉन के सबसे तेजी से बढ़ते वैश्विक बाजारों में से एक के रूप में स्थान दिया गया है।यह निवेश न केवल खुदरा विस्तार को प्रोत्साहित करेगा,बल्कि देश में डिकैथलॉन के विनिर्माण परिचालनों के विस्तार को भी समर्थन देगा।सोलन में डिकैथलॉन का नया स्टोर उच्च-गुणवत्ता वाले खेल उपकरण, एक्टिववियर और फिटनेस उत्पादों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करेगा,जो न केवल खेल प्रेमियों बल्कि शुरूआती लोगों के लिए भी उपलब्ध होंगे।

DECATHLON

## पूर्व विधायक सरकार की किरकिरी करने में नहीं छोड़ रही कोई कसर: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना सदर भाजपा मंडल के अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल महामंत्री और जिला परिषद सदस्य अशोक धीमान, विनय शर्मा, खामोश जैतिक व विनोद पूरी ने कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पत्रकार वाताओं में जोर-जोर से चिल्लाकर किसी बात को झुठलाया या सच साबित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा पर प्रदेश की सरकार को नहीं चलने देने के आप अपने आप में पूर्व विधायक को बचकाना साबित करते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश सरकार के एक के बाद एक फैसला हिमाचल को देशभर में हंसी का पत्र बना रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पूर्व विधायक के बयान ने भी हिमाचल प्रदेश की सरकार की किरकिरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक 1500 करोड रुपए के विकास कार्यों को झूठ का पुलिंदा बताते हैं, जबकि पूर्व भाजपा सरकार के समय विधानसभा क्षेत्र में 2500 करोड रुपए के विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक को खुद को ही पता नहीं है कि वह किस दुनिया में रह रहे हैं।

## कांग्रेस सरकार के नुमाइंदे कर रहे हैं झूठी बयानबाजी: ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** भाजपा सदर मंडल प्रवक्ता सुभाष ठाकुर ने प्रैस को जारी बयान में प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार जनता की कसौटियों पर खरा उतरने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। बावजूद इसके बिलासपुर में सरकार दो साल का उत्सव मनाने की तैयारी कर रही है। झूठी गारंटियों के सहारे सता में आई कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने को हैं लेकिन अभी तक सरकार अपने वायदों को पूरा नहीं कर पाई है। जिससे प्रदेश की जनता में रोष व्याप्त है। टॉयलेट टैक्स के अलावा अन्य अनर्गल टैक्स के लिए पहचानी जाने वाली प्रदेश सरकार की हर मोर्चे पर किरकिरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सैंकड़ों संस्थान बंद कर इस सरकार ने जनता के साथ कर्मचारियों के लिए भी मुश्किलें पैदा की। वितिय परिस्थितियों का हवाला देकर कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता आए दिन झूठे बयान देकर मीडिया में सूर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। सुभाष ठाकुर ने कहा कांग्रेस नेताओं को बयान देने से पूर्व तथ्यों की जानकारी जुटा लेनी चाहिए ताकि जनता में हंसी का पात्र न बने। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष की भूमिका पिछले दो वर्षों से पूरी शिद्दत से निभा रही है और कांग्रेस के झूठ को लोगों के सामने जगजाहिर कर रही है। भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार के झूठ के पुलिंदों की पोल खोलने से कांग्रेसी नेता व पदाधिकारी परेशान हैं और इसी बौखलाहट में वह अनाप.शनाप ब्यानबाजी कर जनता के बीच हंसी का पात्र बन रहे हैं। सरकार व संगठन में पद की लालसा के लिए ही उलूल.जलूल ब्यान दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार के झूठ को लोगों के सामने लाने के लिए ही भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में 9 दिसम्बर से धरने व प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भाजपा के इस अभियान से कांग्रेसी पूरी तरह बौखला गए हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार भाजपा के कारण नहीं बल्कि अपनी नाकामियों से कमजोर हो रही है। सरकार व संगठन में चल रहा द्वंद जगजाहिर है। प्रदेश में एक भी विकास की नई योजना शुरू नहीं हुई। कांग्रेसी नेता पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्यों पर अपने नाम की पट्टिका लगाने का ही काम कर रही है।

## जिला भाषा विभाग ने मनाई यशपाल जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय ऊना एवं दर्पण साहित्यिक संस्था ऊना के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को डीआरडीए सभागार ऊना में यशपाल जयंती के उपलक्ष्य पर साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला भाषा अधिकारी ऊना नीलम चंदेल की अध्यक्षता में करवाया गया।

कार्यक्रम में साहित्यकार मिल्खी राम प्रेमी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान दर्पण साहित्यिक संस्था ऊना द्वारा जिला के वयोवृद्व साहित्यकार प्रकाश चंद महरम ऊनवी को सम्मानित किया गया। कार्यकम में जिला के लगभग 23 साहित्यकारों ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

## विद्युत उपभोक्ता 25 दिसंबर तक करवाएं ई-केवाईसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उप मण्डल-पधर के अन्तर्गत आने वाले घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड? की ई-केवाईसी प्रक्रिया एचपीसईबील द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपित की कि 25 दिसम्बर 2024 तक ई- केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें ।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई -केवाईसी की प्रक्रिया पंचायत घरों में भी करवाई जाएगी।

## जिला चंबा में 9 हजार लोगों का एप के माध्यम से होगा प्रकृति परीक्षण: जिला आयुष अधिकारी

### जिला चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल सहित लगभग 14 सौ लोगों का हुआ पंजीकरण

**अभियान**

**5 दिसंबर को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत पंजीकरण किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** आयुष के अनुसार लोगों का खान-पान, व्यायाम और चिकित्सा सलाह उपलब्ध करवाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिला चंबा में 9 हजार लोगों का प्रकृति परीक्षण के लिए पंजीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में 5 दिसंबर को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत पंजीकरण किया गया। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए जिला आयुष अधिकारी सुरेंद्र सुमन ने बताया कि जिला चंबा में अब तक लगभग 14 सौ लोगों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस अभियान के तहत आम लोगों को अपने आसपास के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपना पंजीकरण करवाना होगा। उसके पश्चात प्रकृति परीक्षण एप के माध्यम से ही उन्हें अपने शरीर की प्रकृति के बारे में पता लगेगा। जिला आयुष अधिकारी चंबा डॉक्टर सुरेन्द्र सुमन ने बताया कि इस अभियान का पहला चरण 26 नवंबर को शुरू हुआ है तथा यह 25 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में देश भर में एक करोड़ से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात उन्हें आयुष पद्धति से उपचार की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि प्रकृति परीक्षण के लिए आम जनता को इस एप से जोड़ा जाएगा तथा क्यू आर कोड के माध्यम से आम लोगों की जानकारी भरी जाएगी। लोगों को उन्हें अपने शरीर और स्वास्थ्य संबंधी कुछ आसान सवालों का जवाब देना होगा। उसके पश्चात उक्त व्यक्ति की प्रकृति (कफ,वात, पित) ज्ञात हो जाती है तथा उसी के अनुसार संबंधित व्यक्ति को खान-पान और उपचार बारे जानकारी प्राप्त होती है।

## राष्ट्रीय खेलों में छाये छात्र डीएवी अंबोटा के खिलाड़ी

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि डीएवी राष्ट्रीय खेलों का आयोजन नई दिल्ली में हुआ।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** डीएवी स्कूल अंबोटा के विद्यार्थियों ने डीएवी राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि डीएवी राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम नई दिल्ली में हुआ। इनमें स्कूल के दसवीं कक्षा के शोर्य पटेल ने एंडयोरेंस स्किपिंग में स्वर्ण पदक, स्किपिंग डबल टच में आकाश और अभिमन्यु ने रजत पदक और स्किपिंग टीम में रूद्रांश, आकाश, अभिमन्यु और शोर्य ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। कक्षा छठी व सातवीं की साक्षी और प्रियांशी ने रजत पदक जीता। टीम योगिंग इवेंट में साक्षी, प्रियांशी, प्राची और मीनाक्षी ने कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अरविंद घई, वाईस चेयरमैन केसी कतना व मैनेजर पी सोफत ने विजयी खिलाडि?ों व उनके अभिभावकों, विद्यालय प्रधानाचार्य व शिक्षकों को बधाई दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य वएआरओ नमित शर्मा ने कहा कि खेलों से न केवल व्यक्तिगत विकास होता है। बल्कि एक टीम वर्क, अनुशासन और आत्म विश्वास को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय में प्रतिदिन दिए जाने वाले खेल प्रशिक्षण, अनुशासन और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**श्रद्धांजलि**

**बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : उपायुक्त मुकेश रेसवाल**




**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा द्वारा उपायुक्त मुकेश रेसवाल की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त कार्यालय परिसर चंबा में आयोजित इस कार्यक्रम में अंबेडकर मिशन सोसाइटी से जुड़े वर्तमान व पूर्व पदाधिकारीयों व सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न मोहलों के लोगों ने भाग लिया और बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल भारत के संविधान निमार्ता ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक, विद्वान, और समतामूलक समाज के प्रणेता भी थे। उन्होंने न केवल अस्पृश्यता के खिलाफ एक लंबा संघर्ष किया। बल्कि महिलाओं तथा मजदूरों को अधिकार दिलवाने में उनका सर्वाधिक योगदान है। उपायुक्त ने कहा आज भी समानता व शिक्षा की दृष्टि से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना और उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद मेघना, अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर व पूर्व अध्यक्ष शिवकरण चंद्रा, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद जितेंद्र सूर्य, अधिवक्ता जय सिंह, पूर्व अध्यक्ष गुरु रविदास सभा जितेश्वर सूर्य तथा मनोहर लाल हितेषी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## प्रदेश राज्य एससी आयोग कार्यालय का ऊना में जल्द होगा उद्घाटन: कुलदीप कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय शीघ्र ही ऊना-संतोषगढ़ रोड पर कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित सरकारी भवन में प्रारंभ होगा। कार्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने जिला मुख्यालय में उपायुक्त सहित विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यालय के उद्घाटन समारोह में जिला और प्रदेश के विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने जिला मुख्यालय से कार्यालय तक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि शिमला में भीड़ को कम करने और क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करने के लिए डी-सेंटरलाइजेशन पॉलिसी के तहत ऊना में आयोग का कार्यालय खोला जा रहा है। कुलदीप ने कहा कि ऊना में कार्यालय खुलने से गरीब और पिछड़े वर्गों के लोगों को शिमला जाने की जरूरत नहीं होगी। यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों के संरक्षण और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस व किसानों के बीच हुआ संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: पंजाब-हरियाणा** बॉर्डर पर पिछले 9 महीने से कैंप लगाकर बैठे किसानों का दिल्ली कूच शुरू हो गया है। 101 किसानों ने पैदल अंबाला की तरफ बढ़ते हुए 2 बैरिकेड पार कर लिए हैं। अब उन्हें हरियाणा पुलिस और पैरामिलिट्री के बैरिकेड पर रोक लिया गया है। किसानों ने बैरिकेड और कंटीले तार उखाड़ दिए हैं। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी। किसान और पुलिस आमने-सामने आ गए हैं। हरियाणा पुलिस के इनकार के बावजूद शंभू बॉर्डर से किसान दिल्ली कूच के



लिए अड़ रहे। दिल्ली कूच से पहले किसानों ने सुबह अरदास की। जिसके बाद किसानों का जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ। पंजाब की तरफ से कुछ बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद किसान जब आखिरी मुख्य बैरिकेडिंग पर पहुंचे तो वहां भारी सुरक्षा बल तैनात थे। जहां किसानों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति भी बनी रही। किसान पुलिस प्रशासन से उन्हें बॉर्डर पार कर दिल्ली जाने देने की बात कहते नजर आए तो वहीं प्रशसन की तरफ से उन्हें साफ कह दिया गया कि जब तक दिल्ली में धरने की परमिशन नहीं दिखा देते उन्हें कहीं नहीं जाने दिया जाएगा। जिसके बाद विरोध जाहिर करते हुए कुछ किसानों ने आखिरी बैरिकेडिंग के ऊपर चढ़ने का प्रयास किया गया लेकिन सुरक्षाबलों ने स्प्रे कर उन्हें ऊपर चढ़ने नहीं दिया। जिसके बाद काफी समय तक किसानों और प्रशासन के बीच बहस होती रही। किसानों के जत्थे ने कंटीली तारों की बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद रोड पर लगी कीलों को भी उखाड़ दिया। हरियाणा पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी है। हरियाणा पुलिस ने कहा कि आगे बढ़ने या जाली उखाड़ने की कोशिश की तो एक्शन लिया जाएगा। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेडिंग के साथ जाली भी लगाई है। वहीं बार-बार प्रशासन की तरफ से किसानों को धारा-163 के उल्लंघन का हवाला दिया जाता रहा। किसानों को रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। किसान भी आंसू गैस के गोलों के प्रभाव को कम करने के लिए गीले कपड़े और नमक लेकर तैयार रहे।

एक तरफ जहां 101 किसान जहां पुल पर डटे हुए हैं तो वहीं उनके साथ आए लोग नीचे खेतों में जुटे हुए हैं। काफी संख्या में लोग यहां मौजूद हैं।

# सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा आज राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर वह मुख्याध्यापक पवन मित्तल द्वारा की गई सबसे पहले संविधान शिल्पी 'भारत रत्न',बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई । उन्होंने कहा की श्रद्धेय बाबा साहेब ने आधुनिक भारत के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया।उनका जीवन समतामूलक समाज की



स्थापना व लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। जब तक देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। हमें बाबा साहब की तीन प्रमुख शिक्षाएं- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, इन तीनों को ग्रहण कर जन कल्याण की राह यूँ ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है। सेवा ट्रस्ट यूके भारत की सिटी कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा ने कहा की भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार, वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जी को उनकी महापरिनिर्वाण दिवस पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है। मास्टर रमेश थाना वह पवन धानिया ने कहा की बाबा साहब व उनका महान व्यक्तित्व और शुद्ध विचार एक विकसित देश-प्रदेश की परिकल्पना में हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने लॉन्च किया सुपर हीरो प्रीपेड प्लान

**गुरुग्राम।** उपभोक्ताओं को सहज एवं चिंतामुक्त डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज सुपर हीरो प्लान की घोषणा की है, यह प्लान भारत के प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए लाया गया है। उपभोक्ताओं में डेटा की बढ़ती खपत को देखते हुए कंपनी सुपर हीरो प्लान की पेशकश लेकर आई है, ताकि वे डेटा की चिंता किए बिना डिजिटल का सहज एवं अधिकतम अनुभव पा सकें। इस प्लान के साथ प्रीपेड उपभोक्ता रात के 12 बजे से दोपहर के 12 बजे तक यानि आधे दिन के लिए अनलिमिटेड डेटा के फायदे पा सकते हैं। वी आज के डेटा-सेवी युवाओं के लिए यह प्लान लेकर आया है, जो पहले से वी के सफल हीरो प्लान का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही यह प्लान महिलाओं की जरूरतों को भी पूरा करेगा, जो अक्सर सुबह के समय अधिक डेटा का इस्तेमाल करती हैं। शेष आधे दिन के लिए वी अतिरिक्त डेटा के साथ अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। वी के सुपर हीरो रीचार्ज के मुख्य फायदों में शामिल हैं:

**वीकेंड डेटा रोलओवर:** यूजर सप्ताह के दिनों में इस्तेमाल नहीं होने वाले डेटा को कैरी फॉरवर्ड कर सकते हैं और इसका इस्तेमाल सप्ताहान्त के दौरान कर सकते हैं। इस तरह उन्हें अतिरिक्त प्रत्यास्थता मिलती है।

**डेटा डिलाईट:** महीने में दो बार यूजर वी ऐप के जरिए या 121249 पर डायल कर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 2 जीबी अतिरिक्त डेटा अनलॉक कर सकते हैं। सुपर हीरो प्लान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु,केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब औरहरियाणा में रु 365 की शुरूआती कीमत वाले रीचार्ज पैक्स पर उपलब्ध होगा, जो रोजना 2 जीबी या अधिक डेली डेटा कोटा देते हैं।

### साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगा

**नोएडा:** साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड ("साई लाइफ" या "कंपनी"), बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों ("ऑफर") के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोली/ऑफर अवधि खोलने का प्रस्ताव करती है।इस ऑफर में कंपनी द्वारा रु9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ("ताजा इश्यू") और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों ("बिक्री करने वाले शेयरधारक") द्वारा 38,116,934 इक्विटी शेयरों ("बिक्री के लिए ऑफर") की बिक्री की पेशकश शामिल है। ("कुल ऑफर आकार") कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसकी अनुमानित राशि रु 7,200 मिलियन है और शेष राशि सामान्य कॉपोर्रेट उद्देश्य के लिए उपयोग की जाएगी। (प्रस्ताव के उद्देश्य) बिक्री के लिए प्रस्ताव में साई क्वेस्ट सिं प्राइवेट लिमिटेड ("प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक") द्वारा 6,454,780 इक्विटी शेयर, टीपीजी एशिया श्क्क्एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 23,159,368 इक्विटी शेयर, एचबीएम प्राइवेट इक्विटी इंडिया (सामूहिक रूप से, "निवेशक विक्रय शेयरधारक") द्वारा 6,210,186 इक्विटी शेयर और भारती श्रीवारी द्वारा 650,000 इक्विटी शेयर, अनीता रुद्रराजू नंद्याला द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, राजू पेनमस्ता द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, डॉ. डर्क वाल्टर सार्टोर द्वारा 250,000 इक्विटी शेयर, जगदीश विश्वनाथ डोरे द्वारा 245,100 इक्विटी शेयर, राजगोपाल श्रीराम तत्ता द्वारा 62,500 इक्विटी शेयर तक, के पांडु रंगा राजू द्वारा 80,000 इक्विटी शेयर तक और वेंकट नरसिम्हा शास्त्री रेंडुचिंतला द्वारा 5,000 इक्विटी शेयर तक। (सामूहिक रूप से, अन्य विक्रय शेयरधारक) एंकर निवेशक बोली/प्रस्ताव अवधि मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और बंद होगी। बोली/प्रस्ताव अवधि बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को सदस्यता के लिए खुलेगी और शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगी। ("बोली विवरण") प्रस्ताव का मूल्य बैंड रु 522 से रु 549 प्रति इक्विटी शेयर ("मूल्य बैंड") तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम ङ्क इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद ङ्क इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती हैं। ("बोली लॉट")। यह इक्विटी शेयर हैदराबाद में तेलंगाना के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल 5 दिसंबर, 2024 की तारीख वाले कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं। (आरओसी)

### धोखाधड़ी के आरोपित व पांच हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम यूनिट** सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की राशि ऐंठने की वारदात में शामिल पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ईश्वर निवासी गांव बंदेपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव शाहपुर निवासी चंद्रपति व सुनीता निवासी पटेल नगर ने बताया कि गत 5 दिसंबर 2023 को उसने कहा कि उसके लिए प्लॉट देख लेना।

# पार्षदों ने स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर दिया धरना

## प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, मुख्यमंत्री के नाम उप सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्श इंडिया**

**सोनीपत: जिले में** स्वास्थ्य सेवाओं व नागरिक अस्पताल सहित पीएचसी व सीएचसी पर मिलने वाली सुविधा को दुरुस्त करने की मांग को लेकर पार्षद जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। पार्षदों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद उन्होंने उप सिविल सर्जन के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपकर जल्द मांगे पूरी करने की अपील की। अस्पताल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना दे रही जिला पार्षद संजय बड़वासनी व संत कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त नहीं किया जा रहा। सोनीपत में न जिला स्वास्थ्य अधिकारी है और न ही नागरिक अस्पताल सोनीपत में प्रधान चिकित्सक अधिकारी है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अभाव में जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे मिल सकती है। जिला नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन को संचालित करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट तक नहीं है। करीब तीन साल से अल्ट्रासाउंड मशीन डिब्बे में सील बंद है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पताल संचालकों के साथ सांठगांठ कर रखी है। अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। जिला पार्षद देवेंद्र कुमार का आरोप है कि अस्पताल में ईसीजी मशीन को चलाने के लिए प्रशिक्षक स्टाफ तक नहीं है। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के सहारे काम चलाया जा रहा है। गांवों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोल रखे हैं, अधिकतर केंद्रों में अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीन तक नहीं है। साथ ही स्टाफ की पूरी व्यवस्था तक नहीं है। सरकार जनहित के कल्याण को नजरअंदाज कर रही है।

> स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पार्षद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। पार्षदों ने अपनी मांगों को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। जिले में स्वास्थ्य अधिकारी व नागरिक अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी का पद खाली है। इस संबंध में प्रदेश सरकार व विभाग की तरफ से तैनाती की जानी है।
>
> **डा. योगेश गोयल, उप सिविल सर्जन सोनीपत।**

# छात्र पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर थाना** क्षेत्र के टीकाराम कॉलेज के पास बुधवार को दोपहर 10 से 12 युवकों ने कॉलेज के कई छात्रों को घेरकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान एक छात्र पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद हमलावर छात्र को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव भदाना निवासी सूचित ने बताया कि वह हिन्दू कॉलेज से बुधवार की दोपहर अपने घर जा रहा था। उसके साथ उसके कई साथी भी थे। जब यह टीकाराम कॉलेज के पास पहुंचे तो अचानक 10 से 12 युवकों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद बेल्ट व अन्य हथियार से उनके साथ मारपीट की। छात्रों से मारपीट के दौरान कोई बीच बचाव को नहीं आया। इस दौरान हमलावरों ने चाकू निकालकर सूचित पर वार कर दिए। चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद हमलावर फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

# नाहरा के कन्या स्कूल के कंप्यूटर लैब से 10 कंप्यूटर ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव नाहरा स्थित कन्या स्कूल में कंप्यूटर लैब से कंप्यूटर चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल की प्राचार्या ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

नाहरा स्कूल की प्राचार्या वीना कुमारी ने बताया कि बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने के लिए विभाग की तरफ से स्कूल में लैब स्थापित की हुई है। जिसमें दस कंप्यूटर लगे हुए है। उनके पास स्कूल में कार्यरत कर्मचारी की काल आई। जिसमें बताया कि लैब से दस कंप्यूटर चोरी हो गए है। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर क पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# कार का शीशा तोड़कर 27 हजार रुपये, 6 डेबिट कार्ड व सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना** क्षेत्र में ढाबे की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर हजारों रुपये की राशि, डेबिट कार्ड सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। रामपुर निवासी भूपेंद्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत तीन दिसंबर को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी कार में सवार होकर बिलासपुर से पिपली कुरुक्षेत्र शादी समारोह में शिरकत करने के लिए जा रहे थे। मुरथल जीटी रोड पर झिलमिल ढाबे के पास पहुंचे।

जहां गाड़ी को ढाबे की पार्किंग में खड़ी करके ढाबे पर खाना-खाने के लिए चले गए। कुछ देर बाद वापिस आए तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ मिला। गाड़ी के अंदर सामान की जांच की तो दो पर्स जिसमें छह एटीएम व 27 हजार रुपये की राशि, तीन चार्जर, पेन कार्ड गायब मिले। किसी ने गाड़ी का शीशा तोड़कर उक्त सामान व राशि को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सामान चोरी करने वालों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

# गीता जयंती महोत्सव पर रक्तदान शिविर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्थान ने हेल्प डेस्क नंबर 745 से 24 घंटे सेवाएं शुरू की हैं, इसी कड़ी में आज विधिवत प्रकार से पहले रक्तदान शिविर शुरू किया जिसका शुभारंभ आचार्य मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने किया । उनके साथ आई हुई टीम ने संस्था के सदस्यों की हौसला अफजाई की और रक्त दाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। आचार्य गुरु जी ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि हमें ही फायदा होता है।

# संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला महिला का शव

## ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप, पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सदर थाना** क्षेत्र के गांव बैंयापुर खुर्द में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाया। मृतका के भाई ने पुलिस को शिकायत देकर दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव गढ़ी छाज्जू पानीपत निवासी दीपक ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी वर्ष 2017 में प्रवीन निवासी बैंयापुर खुर्द के साथ हुई थी। शादी के पास उसके बहन के पास दो लड़के है। उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे मानसिक प्रताड़नाएं दी जाने लगी। वह गत दो दिसंबर को उसकी बहन के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। उसके बाद बहन के पास आकर उन्हें समझा कर वापिस चले गए। उन्हें जानकारी मिली कि उसकी बहन फंदे से लटकी हुई है। उसकी बहन ने ससुराल पक्ष के लोगों की प्रताड़ना से परेशान होकर फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की हत्या की गई है। या उसकी बहन से परेशानी होकर आत्महत्या की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर एफएसएल की टीम को बुलाया। जहां टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्रित कर-के शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर आए व्यापारी का मोबाइल फोन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग** पर सोनीपत स्टेशन पर व्यापारी का मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। बड़ा जैन मंदिर हलवाई हट्टा निवासी दीपक वर्मा ने बताया कि वह सुनार की कारीगिरी का काम करता है। वह गत दस नवंबर को अपने पड़ोसी हरपाल के सिंह के साथ व्यापार के लिए दिल्ली ट्रेन में जाने के लिए सोनीपत स्टेशन पर आया था। वह टिकट लेकर ट्रेन में चढ़ गए। किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। अपने स्तर पर फोन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राजकीय रेलवे पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मोबाइल चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# स्टीलकेस ने टर्नस्टैण्ड प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में नोएडा में एक नया डीलर शोरूम लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कार्यस्थल (वर्कप्लेस) के डिजाइन और इनोवेशन (नवाचार) में अग्रणी कंपनी स्टीलकेस ने टर्नस्टैंड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से नोएडा में अपना नया डीलर शोरूम लॉन्च किया है। यह नया शोरूम, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर 127, नोएडा में स्थित है, उत्तर भारत में स्टीलकेस की उपस्थिति को और मजबूती प्रदान करता है। काम करने के लिए नये डिजाइनों की तलाश कर रहे व्यवसायों के लिए यह शोरूम एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

स्टीलकेस डीलर नेटवर्क उन विशेषज्ञों का एक समुदाय है जो स्थानीय कंपनियों को अत्याधुनिक और प्रभावी कार्यस्थल डिजाइन करने में मदद करता है। यह नया शोरूम स्टीलकेस के वैश्विक अनुभव और नवाचारों का लाभ उठाकर इस क्षेत्र के व्यवसायों के लिए आधुनिक समाधान प्रस्तुत करेगा। यह साझेदारी स्टीलकेस की भारत में निवेश बढ़ाने और देशभर में अपनी पहुंच को मजबूत करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। वर्तमान में स्टीलकेस के पास चार वर्कलाइफ सेंटर और 10 से अधिक डीलर शोरूम हैं, जो इसे भारतीय बाजार में एक मजबूत उपस्थिति प्रदान करते हैं। भारत और सार्क में स्टीलकेस के प्रबंध निदेशक, तीर्थांकर बसु ने नोएडा में नए शोरूम के शुभारंभ पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह टर्नस्टैंड के साथ हमारी साझेदारी का नतीजा है, जो ग्राहकों पर केंद्रित हमारे साझा मूल्यों को दशार्ता है। इसका उद्देश्य ग्राहकों और उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतरीन अनुभव सुनिश्चित करना है। भारत हमारे लिए एक बेहद खास और संभावनाओं से भरा बाजार है। नोएडा में स्टार्टअप्स और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक संस्थानों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र ( इकोसिस्टम) मौजूद है।

# नागरिक अस्पताल के गेट पर मिलता है खुलेआम नशीला पदार्थ

## अस्पताल में तैनात सिक्योरटी गार्ड तस्करों से कई बार इंजेक्शन पकड़कर करवा चुके है विभाग में जमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: पुलिस** विभाग की तरफ से प्रदेश में नशा फैलाने वाले तस्करों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाकर तस्करों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है। लेकिन सोनीपत शहर में नशे का कारोबार रोकने में खाकी के जवान पस्त नजर आ रहे है। शहर स्थित नागरिक अस्पताल के गेट पर नशे के कारोबारी खुलेआम नशे का सामान बेचकर लोगों की जिदंगी बर्बाद करने का काम कर रहे है। बुधवार को गुप्तचर विभाग में तैनात कर्मचारी ने अस्पताल के गेट पर नशे के इंजेक्शन अवैध रूप से बेच रहे तस्कर को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन तस्कर दीवार फांदकर फरार हो गया। कर्मचारी ने मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को अवगत करवाया। थाना पुलिस की तरफ से समय-समय पर गश्त करने की बात कही जा रही है।

बता दें के शहर के नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-1 पर ओएसटी सेंटर स्थापित है। जहां जिले में नशा करने वाले युवाओं को नशे की लत से छुड़ाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनका उपचार किया जाता है। काफी संख्या में नशा छोड़ने का उपचार करवाने वाले मरीज सुबह ही सेंटर के पास व गेट पर पहुंच जाते है। वहीं गेट पर ही नशा तस्कर भी सक्रिय हो जाते है। बुधवार को गुप्तचर विभाग में तैनात कर्मचारी ने गेट के पास नशे के इंजेक्शन बेच रहे तस्कर को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से दस इंजेक्शन व नीडल बरामद हुई। इसी दौरान तस्कर चकमा देकर अस्पताल की दीवार फांदकर फरार हो गया। जानकारी मिली है कि नशीले इंजेक्शन को जमीन में दबा दिया गया।

**खुलेआम गेट पर मिलते है नशे के इंजेक्शन, अस्पताल कर्मचारी पकड़ चुके है भारी मात्रा में इंजेक्शन:** नागरिक अस्पताल के गेट पर खुलेआम नशे का खेल खेला जा रहा है। जिसको लेकर खाकी विभाग अंजान है। संबंधित थाना क्षेत्र के कर्मचारी समय-समय पर क्षेत्र में गश्त करने का फोटो उच्च अधिकारियों को सोशल साइटों के जरिए भेज रहे है। उसके बाद भी गेट पर नशीला पदार्थ बेचा जा रहा है। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने गत दिनों पहले भी भारी मात्रा में तस्कर से इंजेक्शन बरामद किए थे। वहीं बुधवार को गुप्तचर विभाग की तरफ से दस इंजेक्शन तस्कर से बरामद किए है।

> पुलिस विभाग की तरफ से समय-समय पर गश्त की जाती है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नशीला इंजेक्शन पकड़ने की किसी प्रकार की शिकायत नहीं दी है। वहीं बुधवार को इस संबंध में जानकारी मिली है। इंजेक्शन को नष्ट करने के लिए कहा गया है। अस्पताल के आसपास पुलिस की गश्त को बढ़ा दिया जायेगा। नशा तस्करों को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
>
> **सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना।**

# पार्षद अजीत यादव ने किया कार्यों का निरीक्षण, सुनीं लोगों की समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भलस्वा वार्ड** के निगम पार्षद अजीत यादव ने शुक्रवार को भलस्वा वार्ड के जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक मार्किट में और के ब्लॉक की गली में हो रहे सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान किया जा रहा है। निगम पार्षद अजीत यादव ने आगे यह भी बताया कि आज मैंने भलस्वा वार्ड के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी के ब्लॉक में हो रहे विकास कार्यों और सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने पार्षद अजीत यादव को कई समस्याओं से अवगत कराया। पार्षद अजीत यादव ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# उत्तर-पूर्वी जिला भारतीय जनता पार्टी जीतेगी पांचो विधानसभा सीटः अतुल गर्ग





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** भाजपा के सह प्रभारी अतुल गर्ग ने उत्तर-पूर्वी जिला प्रवास के दौरान कहा कि उत्तर पूर्वी जिला इस बार पांचों विधानसभा सीट जीतकर भाजपा कि झोली में डालेगा। 26 साल यह सूखा इस बार भाजपा के कार्यकर्ता और दिल्ली कि जनता दूर करेंगी और भाजपा कि प्रचंड जीत होगी। दिल्ली के लिए भाजपा बहुत अच्छी योजनाएं दिल्ली में लाएगी और केंद्र में बीजेपी की सरकार है और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार होगी और डबल इंजन की सरकार चंहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध होगी। इस प्रवास में जिला प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, विनोद बचेती सह प्रभारी, सारिका जैन, विधायक अजय महावर मौजूद रहे।

# 'भाजपा ने वीडियो जारी कर आप पार्टी द्वारा वोटर लिस्ट में की जा रही धांधली का किया पदार्फाश'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद बांसुरी स्वराज ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता कर दो वीडियो के माध्यम से दिखाया कि कैसे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी के फर्जी वोट बनाने का काम किया है। मोती नगर के एक मामले में वोटर्स लिस्ट में जो नाम और एड्रेस लिखे गए हैं उन स्थानों पर ना कोई मकान है और ना ही कोई रहता है। सड़क के किनारे सिर्फ एक दीवार पर नया बिजली के



मीटर लगाया गया है और 24 वोट पंजीकृत हैं।
इसी तरह भाजपा ने पत्रकार वार्ता में एक विडिओ त्रिलोकपुरी विधानसभा का भी दिखाया जिसमें एक कमरे के फ्लैट में 38 वोट पंजीकृत हैं जबकि पड़ोसियों के अनुसार एक कमरे का फ्लैट वर्षों से बंद है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने इसी तरह शाहदरा, राजौरी गार्डन, मुस्तफाबाद आदि विधान सभाओं के एक-एक कमरे के घरों में 20 से 50 तक वोट पंजीकृत किए जाने के मामले मीडिया के समक्ष रखे। जहां 99 प्रतिशत पंजीकृत मतदाता एक समुदाय विशेष के हैं। दिल्ली भाजपा का दावा है कि फर्जी वोटर्स का यह सिलसिला पूरी दिल्ली में फैला हुआ है जिसकी जांच होनी चाहिए। वोटर लिस्ट की इस पूरी धाँधली और अरविंद केजरीवाल द्वारा मतदाताओं को लेकर भाजपा पर लगाये गए आरोपों पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल डर गए हैं। क्योंकि फर्जी रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के वोट पकड़े जा रहे हैं।

# आप राज में कई समस्याओं से जूझ रही है जनताः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** तिमारपुर विधानसभा के मलकागंज में गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़को को लेकर विशाल धरना किया गया। इस धरने का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल ने किया। धरने में करावल नगर कमेटी जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों में जोश भरते हुए कहा कि पिछले 2 वर्षों से पूरी तरह टूट चुके मुख्य मार्ग को लेकर पहले भी दो बार सांकेतिक धरने दिए जा चुके है। और पत्राचार और सोशल मीडिया के माध्यम से न सिर्फ शहरी विकास मंत्री बल्कि मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल को भी इस समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। लिहाजा अब लोगों को सड़क पर उतरकर आंदोलन करना ही एकमात्र विकल्प बचा है। पूर्व मुख्यमंत्री





केजरीवाल जी मात्र उन दो चार किमी की सड़को पर पदयात्रा कर रहे हैं जो ठीक है। जो सड़के टूटी पड़ी है, या जहां लोगों की दूसरी अन्य समस्याएं हैं वहां उनके विधायक और उनके लोग उनको लेकर ही नहीं जाते। या यूं कहा जाए कि स्वयं केजरीवाल जी भी जाना नहीं चाहते। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि इससे पूर्व हमारी कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में 70 से ज्यादा फ्लाईओवरों और 20 से ज्यादा अंडरपास का निर्माण किया और दूसरी अन्य सभी सड़कों का निर्माण इस तरह किया कि आज भी लोग सराहना करते हैं, लेकिन आज 70 हजार करोड़ से ज्यादा बजट होने के बावजूद दिल्ली सरकार हर काम में फेल नजर आ रही है। गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई कर मुफ्त पानी पर पीठ थपथपाई जा रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि आप सरकार द्वारा कांग्रेस के समय की पानी की सप्लाई पाइप लाइनों की देखभाल तक ढंग से नहीं कर पाने के कारण जगह-जगह पाइप टूट चुके हैं और उनमें गंदगी भर जा रही है। और वहीं गंदगी लोगों को पानी के साथ सप्लाई हो रही है। कर्मचारी तनख्वाह न मिलने के कारण हड़ताल पर जा रहे हैं। लेकिन सरकार विज्ञापनों के माध्यम से अपना चेहरा चमकने में लगी है। आदेश भारद्वाज ने भाजपा पर दोहरे चरित्र वाली राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपाई सांसद कभी दिल्ली के हितों की बात नहीं करते लेकिन नफरती भाषा बोलकर ध्यान भटकाने में सबसे आगे रहते हैं।

## गोयल के बाद दिलीप पांडे को भी मिला राजनीतिक वनवासः कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की अरविंद केजरीवाल ने कल रामनिवास गोयल के बाद आज दिलीप पांडे को भी राजनीतिक वनवास में भेज दिया और आश्चर्यजनक है की दोनों ही मामलों में संबंधित नेता के त्याग पत्र के एक घंटे में अरविंद केजरीवाल ने पार्टी में उनके विकल्प को भी शामिल कर लिया। कल रामनिवास गोयल के पत्र में उनका दर्द साफ झलक रहा था तो आज दिलिप पांडे की एक्स पोस्ट पर त्याग पत्र घोषणा में उनके द्वारा अपनी पुस्तक गुलाबी खंजर का जिक्र कुछ ऐसा था मानो कहना चाह रहे हों की केजरीवाल आपके पीठ में मारे लाल खंजर ने बहुत दुख दिया।

## अंबेडकर की प्रतिमा को मूल स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएः जाटव

**नई दिल्लीः भारत के** संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर की प्रतिमा को संसद परिसर में मूल स्थान पर पुनः स्थापित करने की मांग ज्वाइंट एक्शन कमेटी दिल्ली स्टेट एससी, एसटी ओबीसी माइनॉरिटी आगेर्नाईजेशन ने की है। आगेर्नाईजेशन के मुख्य समन्वय वीरेंद्र कुमार जाटव ने भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं लोकसभा के स्पीकर से आग्रह किया है कि डॉ अंबेडकर की प्रतिमा को संसद भवन के मूल स्थान से तीन जून को हटा दिया गया था। यह तथात्मक सत्य है कि डॉ अंबेडकर जन्म दिवस 14 अप्रैल एवं परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को संसद में सार्वजनिक कार्यक्रम और जनता के लिए भी संसद के द्वार खोल दिए जाते थे।

# ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के बैनर तले मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के बैनर तले मजदूरों ने दिल्ली उप-राज्यपाल कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।
कर्मगार एकता केन्द्र, दिल्ली आशा वर्कर्स, मिड डे मिल वर्कर्स, नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस आदि संगठन के कर्मचारी व मजदूरों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी मजदूरों की मांग थी कि सभी को स्थाई रोजगार दिया जाए ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगनी चाहिए। श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 26 हजार होना चाहिए। सैकड़ो मजदूरों ने इस प्रदर्शन में दिल्ली के कोने-कोने से हिस्सा लिया। धरने






को संबोधित करते हुए उषा ठाकुर ने कहा कि स्कीम वर्कर्स, आंगनबाड़ी मिड डे मील वर्कर, आशा कर्मियों की लंबित मांग को लेकर हम यह प्रदर्शन कर रहे हैं। हर बार सरकार वादा करती है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं करती है। हम सरकार से कहना चाहते हैं कि हमारी जायज मांगों को माने और हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कितनी हैरानी की बात है कि दिल्ली सरकार सबसे कम मानदेय दे रही है जबकि कुछ राज्यों में मानदेय की रकम ज्यादा है। हम सब जानते हैं कि दिल्ली में जीवन यापन करना, इस महंगाई के दौर में कितना कठिन है। कर्मगार एकता केन्द्र की ओर से अपनी बात रखते हुए भास्करानंद ने कहा कि दिल्ली में के तमाम संगठित और असंगठित क्षेत्रों के विभिन्न यूनियनों ने कश्मीरी गेट से उपराज्यपाल के निवास तक चलकर एक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भवन निर्माण, कर्मकार, आशा वर्कर्स, मिड डे, एनपीएचए के बैनर पर दिल्ली के स्वास्थ्य कर्मचारी, रेलवे सहित कई संगठनों और यूनियनों ने हिस्सा लिया। सभी में सरकारों के खिलाफ बहुत नाराजगी थी। उन्होंने अपनी मांगो के प्रति जम कर नारेबाजी सरकारों से मांग की कि वे हमारी जायज मांगों पर ध्यान दे ओर संगठन से तुरंत बात करें। नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने अपने भाषण में कहा की हमेशा एनपीएचए कर्मचारियों की जायज मांग सरकार तक पहुंचने का प्रयास करता रहा है, संगठन का मानना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 20% करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र का विस्तार व मजबूती किया जाना चाहिए। जिससे जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। सातवें वेतन आयोग के अनुसार पर बढ़ा हुआ रोगी देखभाल भत्ता दिल्ली सरकार द्वारा दिया जाए।

# मुकुंदपुर वार्ड के पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने मुकुंदपुर में चलाया सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** स्वच्छ भारत अभियान के निमित बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 में निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर द्वारा सफाई-अभियान चलाया गया। इस दौरान राठौर के साथ संबधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सफाई अभियान की शुरूआत मुकुंदपुर पार्ट दो स्थित 25 फुटा रोड़ सोम बाजार गली नंबर-2 से गली नंबर-5 तक की मशीनों के माध्यम से नालों की सफाई कराई गई। इस दौरान नालियों पर लगे तमाम पत्थरों को हटाकर मलवा, गाद निकाला गया। इस दौरान उनके साथ कई कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र निवासी रामवीर कंडक्टर, मानव कुंज प्रधान कृष्ण शर्मा के साथ क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।
राठौर ने बताया कि इस दौरान साफ-सफाई सहित लोगों की कई समस्याएं सुनी गई और उसके निदान के लिए तुरंत संबंधित अधिकारी को आदेश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए मैं निरंतर क्षेत्र का दौरा करता रहता हूं। राठौर ने कहा कि क्षेत्र को भी उसी तरह साफ-सुथरा रहना चाहिए जैसे हम अपने घरों में साफ-सफाई रखते है और यह सिर्फ सरकार ही नहीं हम सभी का फर्ज भी है और जिम्मेदार भी है और इसी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता हूं।




# गुरु तेग बहादुर ने विदेशी आक्रांताओं से सनातन की रक्षा की: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम् गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला



था। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया।

गुरु नानक देव ने बाबर के अत्याचारों के खिलाफ उठाई आवाज- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे। वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया।

## मोदी बना रहे हैं बाबा साहब के सपनों का भारत : दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)** के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समय बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के सपनों का भारत बना रहे हैं और विपक्ष आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहा है। राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम शुक्रवार को बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित एक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हैं। इससे पहले बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गौतम ने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा राष्ट्र निर्माता थे, क्योंकि आजादी के बाद तय सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में उनकी विशिष्ट भूमिका रही है, जबकि तत्कालीन मुख्य सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने

**महापरिनिर्वाण**

**डॉ अंबेडकर के सपनों का भारत बना रहे हैं और विपक्ष आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहा है**

उनकी छवि को हमेशा दलित नेता तक सीमित रखने का प्रयास किया। उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को छुपाया गया और नेहरू के विचारों से अलग राय रखने के दंडस्वरूप उनकी राजनीति समाप्त करने की साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार अंबेडकर के सपनों का भारत बना रही है। कांग्रेस सरकारों ने उनकी पहचान छुपाने की साजिश की और मोदी सरकार ने उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थ के रूप स्थापित किया है।

## स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले यही हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल: मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने शनिवार, 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से पहले शुक्रवार को नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल के उद्योगपतियों से उज्जैन से वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों का स्वागत है। हमारी मंशा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सबसे पहले स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले और वर्तमान में संचालित उद्योगों का विस्तार करने में सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं।" मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि



उद्योगपतियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, "उद्योगपतियों की सहायता से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है और रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं। आप सभी आगे आएं, नए उद्योग स्थापित करें और युवाओं को रोजगार देकर प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।"

**चर्चा**

**शुक्रवार को नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल के उद्योगपतियों से उज्जैन से वर्चुअल संवाद किया**

**स्थानीय उद्योगों को मिलेगी प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्योगों को प्रोत्साहित करना है।
उन्होंने जोर देकर कहा, "हमारा प्राथमिक उद्देश्य है कि सबसे पहले स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले। इसके बाद राज्य, राष्ट्रीय और अंततः अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगपतियों को अवसर दिया जाएगा। आरआईसी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, और इसे हमने बहुत बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया है।" मुख्यमंत्री ने वीसी से नर्मदापुरम के कई उद्योगपतियों से चर्चा की। उन्होंने हरदा के राइस मिल मालिकों से अपने उद्योगों का विस्तार करने का आग्रह किया और मूंग दाल मिल के मालिक जसप्रीत सिंह से कहा कि उनके पास अतिरिक्त मूंग हो तो उसे उज्जैन के व्यापारियों को भी उपलब्ध कराएं।

## पांच साल से फरार इनामी आरोपित राजस्थान से गिरफ्तार

**राजगढ़।** छापीहेड़ा थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से फरार पांच हजार के इनामी आरोपित को राजस्थान के सिटीजन ट्रांसपोर्ट से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुनील केवट ने शुक्रवार को बताया कि 2019 में मुबीन (42) पुत्र इस्लामखां निवासी शास्त्रीनगर पानीपत हरियाणा के खिलाफ धारा 406, 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था, आरोपित घटनादिनांक से फरार चल रहा था, गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार का इनाम घोषित किया था।

## बावड़ियों के संरक्षण के लिए अमी संस्था की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**उदयपुर:** उदयपुर की ऐतिहासिक बावड़ियों के संरक्षण के लिए अमी संस्था ने अभियान शुरू किया है। तोरण बावड़ी पर आयोजित संगीत सलिला कार्यक्रम के जरिए जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। अमी संस्था के उपाध्यक्ष योगेश कुमावत ने बताया कि उपेक्षित बावड़ियों को पहचान दिलाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मासिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। संयोजक डॉ. शिवदान सिंह ने जल संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहरों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में कलाकार अशरफ खां और देबू खां के दल ने पारंपरिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने जन सहयोग से धरोहरों को संरक्षित करने का आह्वान किया। डिप्टी टाउन प्लानर अरविंद सिंह कानावत ने जल संरक्षण के महत्व पर बल दिया और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।




## एसडीसी फाउंडेशन की चौंकाने वाली रिपोर्ट ! उत्तराखंड स्वच्छता में फिसड्डी

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: उत्तराखंड** के शहरी निकाय स्वच्छता के मामले में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उत्तराखंड के शहरी निकायों की स्वच्छता पर सवाल खड़े करते हुए एसडीसी फाउंडेशन ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट जारी की है। "उत्तराखंड स्वच्छ सर्वेक्षण 2023" रिपोर्ट ने राज्य के सफाई अभियान की चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 88 में से 87 शहरी निकाय गार्बेज फ्री सिटी चैलेंज में शून्य अंक हासिल करने वाले



निकायों में शामिल हैं। एक लाख से कम आबादी वाले 80 प्रतिशत निकाय उत्तर भारत के सबसे गंदे एक चौथाई शहरी क्षेत्रों में दर्ज हुए हैं। उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून में शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान रिपोर्ट जारी करते हुए एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा कि रिपोर्ट एक ओर जहां राज्य में सफाई व्यवस्था में बरती जाने वाली व्यापक लापरवाही को सामने लाती है, वहीं दूसरी ओर मौजूदा स्थिति में बड़े सुधार लाने के लिए 10 सुझाव भी दिये गये हैं। एसडीसी फाउंडेशन ने पिछले वर्षों में भी उत्तराखंड में स्वच्छ सर्वेक्षण पर रिपोर्ट जारी की थी। उन्होंने बताया कि एक लाख से कम आबादी वाले शहर में उत्तराखंड के 80 निकायों में से 80 प्रतिशत निकाय उत्तर भारत के सबसे गंदे शहरी क्षेत्रों में गिने गए।

## साकरी में 27 साल बाद पांडव नृत्य

**गुप्तकाशी।** द्वापर युग के पांडवों के युद्ध, वनवास और मोक्ष की कथाओं को जीवंत करने के उद्देश्य से साकरी ग्राम पंचायत में 27 वर्ष बाद पांडव लीला का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों ने पांडवों, भगवान श्रीकृष्ण और हनुमान से क्षेत्र की खुशहाली, संपन्नता और समृद्धि की कामना की। द्वापर युग की पांडवों की कथाओं को जीवंत करते हुए पांडव नृत्य ने क्षेत्रवासियों को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का काम किया। जहां पलायन की वजह से सूने पड़े गांव में फिर से खुशहाली लौट आई है।

**महाकुम्भ** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हजारों ग्रामीण महिलाओं को महाकुम्भ में रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं स्टॉल

## महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा महाकुम्भ

**महाकुम्भ नगर:** त्रिवेणी के तट पर जनवरी 2025 को आयोजित होने जा रहा महाकुम्भ ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम बनने जा रहा है। राज्य आजीविका मिशन से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को महाकुम्भ क्षेत्र में विभिन्न स्टॉल और दुकानें दी जाएंगी। राज्य आजीविका मिशन की तरफ से इसकी पूरी योजना तैयार की गई है जिसमे ग्रामीण महिलाओं को ही लगाया जायेगा।

**महाकुम्भ क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को मिलेंगे स्टॉल**

माघ मेला हो, कुम्भ मेला हो या फिर महाकुम्भ इनके आयोजन में करोड़ो लोग मेला क्षेत्र आते हैं। त्रिवेणी में स्नान के साथ मेला क्षेत्र में ये अल्पाहार से लेकर खाने पीने सामग्री लेते हैं। महाकुम्भ से अपने घर के लिए ये अपने उपयोग की वस्तुएं खरीदते हैं। इसे देखते हुए स्वयं



सहायता समूह की महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह बताते हैं कि मेला क्षेत्र में इन ग्रामीण महिलाओं को 5 कैंटीन संचालित करने की जिम्मेदारी देने की योजना है। मेला क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर ने इन महिलाओं को 10 दुकानें देने के लिए प्रस्ताव कुम्भ मेला प्राधिकरण को भेजा जा रहा है। इसके अलावा मेले की सरस हाट में भी 40 से अधिक दुकानें इन ग्रामीण महिलाओं को आवंटित करने के लिए अनुरोध किया गया है। इससे 5 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। महाकुम्भ क्षेत्र में ये महिलाएं जो दुकान या स्टॉल लगाएंगी उनके उत्पाद को इस तरह से तैयार कराया जा रहा है कि इससे प्रयागराज महाकुम्भ की ब्रांडिंग भी शहर, कस्बे से लेकर गांव की गली गली तक हो। उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह के मुताबिक, महिलाओं के लिए आवंटित इन स्टॉल में बहु उपयोगी वस्तुओं के रखने की योजना है। महाकुम्भ के समय सर्दी रहेगी, ऐसे में सर्दी से बचाने वाले मफलर बनाए जा रहे हैं जिसमें महाकुम्भ का लोगो और स्लोगन लिखा होगा। इसी तरह महाकुम्भ की सेल्फी कैप भी युवा पीढ़ी के लिए तैयार करवाई जा रही जो सर्दी से भी रोकेंगे और युवाओं के लिए सेल्फी लेने में अच्छा लुक देंगी। एकलव्य आजीविका महिला समूह की नेहा निषाद बताती हैं कि उनकी समूह की महिलाएं ये उत्पाद तैयार कर रही हैं।

**आत्मनिर्भर**

**प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तार**

हरियाणा सरकार

सशस्त्र सेना झंडा दिवस

केन्द्रीय सैनिक बोर्ड

7 दिसम्बर – 7 DECEMBER
ARMED FORCES FLAG DAY

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस

## पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता एवं बलिदान को

# राष्ट्र का नमन



इस अवसर पर हम हरियाणावासियों से अपील करते हैं कि वे युद्ध विधवाओं, दिव्यांग सैनिकों तथा जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के पुनीत कार्य के लिए स्वेच्छा से योगदान देकर 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस -2024' को सफल बनाएं।

योगदान के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें

Merchant Name : RAJYA S BFLAG DAY SECRET
UPI ID : afsday@sbi

आओ सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाएं
वीरों एवं शहीदों की शान में शीश झुकाएं

"आज, सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर, हम अपने बहादुर जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान के प्रति सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्र की रक्षा में उनका समर्पण अनुपम है। मैं आप सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह करता हूं।"

- नरेन्द्र मोदी



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipriharyana